● जयपुर, शुक्रवार, 19 जनवरी 24● वर्ष 01 ● अंक 153 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.com | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित



पेज @3 ठेकेदार फर्म के साथ अधिकारियों की भी तय होगी...
पेज @4 विधानसभा में राज्यपाल अभिभाषण से पहले हुई सर्वदलीय बैठक...
पेज @8 जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक में उठे आमजन से ...

फास्ट टेक

## विजयवाड़ा में अंबेडकर की 206 फीट ऊंची प्रतिमा का किया जाएगा अनावरण

**विजयवाड़ा/एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की 206 फीट ऊंची प्रतिमा का शुक्रवार को विजयवाड़ा में अनावरण करेंगे। अंबेडकर स्मृति वनम में 81 फीट ऊंचे आसन पर स्थापित 125 फीट ऊंची मूर्ति, दुनिया की सबसे ऊंची अंबेडकर प्रतिमा है। यह प्रतिमा ऐतिहासिक स्वराज मैदान में स्थापित की गई है। मुख्यमंत्री ने लोगों से प्रतिमा के अनावरण समारोह में स्वेच्छा से शामिल होने की भावनात्मक अपील की है। उन्होंने इस प्रतिमा को सामाजिक न्याय की सबसे बड़ी मूर्ति बताया, जो न केवल राज्य बल्कि देश के ताज में एक बेहतरीन रत्न के रूप में स्थापित है। भारतीय संविधान के निर्माता को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि दूरदर्शी का आकाश जैसा विराट व्यक्तित्व और सौ साल पहले व्यक्त किए गए उनके सुधार-उन्मुख विचार देश के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक इतिहास को प्रभावित और बदलते रहेंगे। उन्होंने कहा,प्रतिमा को बड़ी जिम्मेदारी के साथ स्थापित किया गया है क्योंकि सरकार उनकी विचारधारा में पूर्ण विश्वास के साथ नवरत्नालु कल्याण योजनाओं को लागू कर रही है। डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा को उत्पीड़ित वर्गों के करीब ले जाते हुए अस्पृश्यता के खिलाफ विद्रोह किया। वह सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका विशाल व्यक्तित्व एक सर्वशक्तिमान के रूप में संवैधानिक अधिकारों के माध्यम से हमारी रक्षा करने का काम करता है, प्रत्येक गांव में उनकी मूर्तियों की उपस्थिति एक प्रचुर प्रेरणा के रूप में कार्य करती हैं, जो कमजोर वर्गों को निरंतर आत्मविश्वास, समर्थन और साहस प्रदान करती है।

[राज्य सरकार की पहली मंत्रीपरिषद की बैठक]

# भजनलाल कैबिनेट का बड़ा फैसला, आरएएस मेंस परीक्षा की बढ़ेगी डेट

## बीस हजार प्रतिमाह नकद और 4 हजार रुपए प्रतिमाह की चिकित्सा सुविधा मिलेगी

चमकता राजस्थान

**जयपुर** ! राज्य की भजनलाल सरकार के मंत्री परिषद की पहली बैठक गुरुवार को सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई जिसमें मीसा बंदियों की पेंशन पुनः बहाल करने और आरएएस परीक्षा की तारीख को आगे बढ़ाने जैसे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में पिछली गहलोत सरकार द्वारा विगत 6 माह में लिए गए प्रशासनिक निर्णयों एवं आचार संहिता लागू रहने के दौरान किए गए फैसलों की समीक्षा करने के लिए मंत्रिगण की समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। समिति समीक्षा कर 3 महीने में न अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को प्रस्तुत करेगी। साथ ही, गत 5 वर्षों में नॉन बीएसआर दर पर एवं आरटीपीपी रेट की अनुपालना सुनिश्चित किए बिना करवाए गए कार्यों की भी जांच करने का फैसला बैठक में लिया गया।लोकतंत्र सेनानी सम्मान निधि-2008 को बहाल करने का निर्णय मंत्रिपरिषद की बैठक में विधानसभा चुनाव 2023 में प्रेस ब्रीफिंग 18 जनवरी 24 भाजपा के सकल्प पत्र को राज्य सरकार के नातिगत दस्तावेज के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही, संकल्प पत्र के क्रियान्वयन हेतु मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेषाधिकारी की नियुक्ति का निर्णय लिया गया। बैठक में राजस्थान लोकतंत्र सेनानी सम्मान निधि- 2008 को बहाल करने का निर्णय लिया गया। पूर्ववर्ती राज्य सरकार द्वारा इसे बंद कर दिया गया था। इसके फिर से शुरू होने से लोकतंत्र की रक्षा हेतु देश में आपातकाल लगने पर जेल जाने वाले लोकतंत्र सेनानियों को फिर से पेंशन मिल सकेगी। इस निर्णय के तहत लोकतंत्र सेनानियों को 20 हजार रुपए की पेंशन तथा 4 हजार रुपए की मासिक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में आरएएस परीक्षार्थियों की जरूरतों को समझते हुए आरएएस भर्ती परीक्षा को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। साथ ही, यूपीएससी की तर्ज पर आरपीएससी का भर्ती केलेण्डर जारी करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में राज्य सरकार की 100 दिवसीय कार्य योजना पर व्यापक प्रस्तुतीकरण दिया गया एवं सविस्तार चर्चा की गई। साथ ही, राज्य सरकार के प्रथम 30 दिवस की प्रमुख उपलब्धियों के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया ।



### भाजपा का संकल्प पत्र अब बना सरकार का संकल्प पत्र

स्थापना के लिए होगा विशेष अनुष्ठान

# अयोध्या : राममंदिर के गर्भगृह में पहुंचे रामलला

अयोध्या/एजेंसी।

अयोध्या में निर्माणाधीन राममंदिर के गर्भगृह में रामलला पहुंच चुके हैं। थोड़ी देर में उनकी स्थापना होगी। इस मौके पर गर्भगृह में विशेष पूजन का आयोजन किया गया। इसके बाद क्रेन की मदद से रामलला के विग्रह को मंदिर के अंदर ले जाया गया। नेपाल के काली नदी से आई शिला से निर्मात 51 इंच का विग्रह स्थापित होने के बाद इनकी प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया शुरू होगी। मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों 22 जनवरी को होनी है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का प्रधान संकल्प लेते हुए आगे प्रक्रिया शुरू होगी। इससे पहले बुधवार को यहां महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। उसके बाद पूजन कर रामलला के विग्रह को राम मंदिर परिसर में प्रवेश कराया गया था। बताया जा रहा है कि रामलला का यह विग्रह करीब 200 किलो वजन का है। जानकारी के मुताबिक विग्रह को गर्भ गृह में ले जाने से पहले यज्ञ मंडप के 16 स्तंभों और चारों द्वारों का पूजन किया गया।



### प्राण प्रतिष्ठा समारोह रोकने को दो जनहित याचिकाएं दायर, हाईकोर्ट का तत्काल सुनवाई से इनकार

प्रयागराज/एजेंसी।

अयोध्या में राम लला मंदिर के 22 जनवरी को निर्धारित प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दो जनहित याचिकाएं दायर की गई हैं। न्यायालय ने याचिकाओं की तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है। गाजियाबाद के भोला सिंह द्वारा दायर पहली जनहित याचिका में, याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय से समारोह में प्रधानमंत्री के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की भागीदारी को प्रतिबंधित करने का आग्रह किया है। याचिकाकर्ता ने 2024 के संसदीय चुनावों के पूरा होने तक और सनातन धर्म गुरु सभी शंकराचार्यों की सहमति मिलने तक इस पर प्रतिबंध की मांग की है। याचिकाकर्ता ने 22 जनवरी के आयोजन पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए तर्क दिया कि मंदिर अभी भी निर्माणाधीन है।

### पीएम मोदी ने जारी किया राम मंदिर का डाक टिकट

नई दिल्ली/एजेंसी

अयोध्या में तैयार हो चुके राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर पूरे देश में हर्षोल्लास का माहौल है. इस कार्यक्रम को खास बनाने की तैयारी की जा रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर स्मारक डाक टिकट और दुनिया भर में भगवान राम पर जारी टिकटों की एक पुस्तक जारी की. पीएम मोदी ने कुल 6 टिकट जारी की, जिसमें राम मंदिर, भगवान गणेश, भगवान हनुमान, जटायु, केवटराज और मां शबरी के टिकट शामिल हैं. टिकटों पर राम मंदिर, चौपाई 'मंगल भवन अमंगल हारी', सूर्य, सरयू नदी और मंदिर में और उसके आसपास की मूर्तियों की आकृति बनाई गई है. स्टाम्प पुस्तक विभिन्न समाजों पर श्री राम की अंतर्राष्ट्रीय अपील को प्रदर्शित करने का एक प्रयास है. 48 पन्नों की इस पुस्तक में अमेरिका, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, कनाडा, कंबोडिया और संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठनों सहित 20 से अधिक देशों द्वारा जारी किए गए डाक टिकट शामिल हैं. पीएम मोदी ने कहा, 'ये पोस्टल स्टैंप विचारों, इतिहास और ऐतिहासिक अवसरों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम भी होते हैं. जब कोई डाक टिकट जारी होता है, जब इसे कोई भेजता है, तो वह सिर्फ पत्र नहीं भेजता बल्कि पत्र के माध्यम से इतिहास के अंश को दूसरे तक पहुंचा देता है. ये सिर्फ कागज का टुकड़ा नहीं है. ये इतिहास की किताबों के रूपों और ऐतिहासिक क्षणों का छोटा रूप भी होता है.



### टेक ऑफ के दौरान विमान का टायर फटा, बाल-बाल बची 130 यात्रियों की जान



**चेन्नई/एजेंसी।** तमिलनाडु के चेन्नई से 130 यात्रियों को लेकर कुआलालंपुर जाने वाली एक अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट की एक बड़ी दुर्घटना टल गई। आज जब फ्लाइट रनवे से टेक ऑफ करने वाली थी, तभी फ्लाइट का टायर फट गया। हालांकि, टायर फटने के बाद कोई दुर्घटना नहीं हुई, लेकिन सभी यात्री सुरक्षित हैं और उन्हें विमान से उतार दिया गया। हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि विमान का पिछला टायर उस समय फट गया जब वह मलेशिया की राजधानी के लिए उड़ान भर रहा था। इसके बाद, सभी यात्री उतर गए और उन्हें शहर के होटलों में आवास प्रदान किया गया है। अधिकारी ने कहा कि उम्मीद है कि उड़ान शुक्रवार सुबह अपनी आगे की यात्रा फिर से शुरू होगी। उन्होंने बताया कि घटना के कारण उड़ान संचालन प्रभावित नहीं हुआ है।

प्रधानमंत्री ने डूंगरपुर की महिला लाभार्थी से बात कर किया प्रोत्साहित

# प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से जुड़े मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

**जयपुर। (खलील कुरैशी)** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री कार्यालय से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थी संवाद में वीसी के माध्यम से शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने डूंगरपुर जिले से जुड़ी महिला लाभार्थी से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत बहुत तेजी से बदल रहा है। नए भारत के निर्माण का संकल्प चारों तरफ दिखाई दे रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का विकास रथ, विश्वास रथ है। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में यात्रा नहीं पहुंची है, वहां बेसब्री से इंतज़ार हो रहा है। लोगों की मांग को देखते हुए यात्रा 26 जनवरी से आगे फरवरी महीने में भी चलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा ने अब जन आंदोलन का रूप ले लिया है।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हर परिवार को पक्का घर, गैस कनेक्शन, पानी, बिजली, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का कार्य किया जा रहा है। कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे। हमारा प्रयास है कि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को भी लाभ सुनिश्चित हो। प्रधानमंत्री मोदी ने सागवाड़ा पंचायत समिति की वरसिंगपुर ग्राम पंचायत से पाल माविता गांव की लाभार्थी ममता से संवाद किया। ममता ने प्रधानमंत्री मोदी को बताया कि केंद्र सरकार की योजनाओं से उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया है। ममता बीए पास है तथा उन्हें पीएम आवास योजना, शौचालय, पीएम उज्जवला, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, एनआरएलएम-राजीविका, पीएम श्रम योगी मानधन योजना,आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का लाभ मिला है। ममता राजीविका समूह से जुड़ी है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से ऋृण लेकर सब्जी की खेती की, बोरिंग खुदवाया, पति को डेयरी बूथ खुलवाया। उन्होंने कहा कि वे मोदी के महिलाओं के उत्थान के विजन की प्रशंसक है। मोदी ने कहा कि आप जैसी महिलाओं की मदद से 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने का संकल्प जल्द साकार होगा। उन्होंने डूंगरपुर जिले में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की टेक्नो फ्रेंडली एप्रोच की सराहना की।



# जो काम उमा, गौर, शिवराज-कमलनाथ नहीं कर पाए, अब वो काज रामजी के मोहन करेंगे पूरा


पिछले 20 साल में मध्यप्रदेश में चार बार भाजपा को और एक बार कांग्रेस को सत्ता में रहने का मौका मिला, ये पांचवीं बार है कि फिर से सत्ता भाजपा की है और मुख्यमंत्रियों के स्तर पर डॉ. मोहन यादव को छोड़ कर चार मुख्यमंत्री दिग्विजय के शासन के बाद प्रदेश को मिले। हर बार–हर किसी ने कुछ न कुछ रामकाज में जोड़ा जरूर पर उसे पूर्णता तक नहीं पहुंचा पाए, जिसका इंतजार मप्र के लोगों को ही नहीं बल्कि भारत समेत पूरे विश्व भर के हिन्दू श्रद्धालु अब तक कर रहे हैं। दरअसल, यहां जिक्र हो रहा है "राम वन गमन" मार्ग का। अपने 14 वर्ष वनवास काल में मर्यादापुरुषोत्तम राम, माता सीता एवं भाई लक्ष्मण के साथ मप्र के जिन स्थलों से होकर गुजरे, वह पूरा क्षेत्र आज भी पूर्णता को प्राप्त कर विकसित मार्ग एवं विकास की बाट जोह रहा है। मध्य प्रदेश में राम वन गमन पथ चित्रकूट से अमरकंटक तक 370 किलोमीटर है। यहां भगवान श्रीराम ने वनवास के दौरान 11 साल 11 महीने और 11 दिन का समय व्यतीत किया। वह जिन रास्तों से गुजरे उसे ही "राम वन गमन पथ" कहा जाता है। प्रदेश में सतना, पन्ना, कटनी, जबलपुर, नर्मदापुरम, उमरिया, शहडोल और अनूपपुर जिले के स्थलों को चिह्नित किया गया है। इसमें स्फटिक शिला, गुप्त गोदावरी, अत्रि आश्रम, शरभंग आश्रम, अश्वमुनि आश्रम, सुतीक्ष्ण आश्रम, सिद्धा पहाड़, सीता रसोई, रामसेल, राम जानकी मंदिर, बृहस्पति कुंड, अग्निजिह्वा आश्रम, अगस्त्य आश्रम, शिव मंदिर, रामघाट, श्रीराम मंदिर, मार्कंडेय आश्रम, दशरथ घाट, सीता मढ़ी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास का काम केंद्र सरकार की तरफ से प्रदेश में चिह्नित श्रीराम वन गमन पथ के 23 स्थलों का विकास करना है। इन स्थानों को जोड़ने वाले मार्ग को सुगम और सुविधाजनक बनाने के साथ पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए यात्री सुविधाओं का विकास और उनका संचालन किया जाना है ।

इस कार्य के विस्तार एवं भव्यता प्रदान करने की शुरूआत यहां साध्वी उमा भारती के सत्ता में आते ही शुरू हुई थी, वहीं, उन्होंने उस दौरान कहा भी था कि हम "रामपथ गमन मार्ग" को विकसित करेंगे । लेकिन वे ज्यादा दिन मुख्यमंत्री नहीं रहीं और उनके जाने के बाद जैसे यह कार्य नेपथ्य में चला गया हो। फिर जब इसके बारे में मीडिया समेत तमाम श्रीराम के भक्तों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर को याद दिलाया तो उन्होंने भी इसके प्रति अपनी रूचि प्रकट की और संपूर्ण क्षेत्र के विकास का वादा भी किया। कुछ कार्य भी आरंभ हुआ, लेकिन वह काम कागजों से जमीन पर उनके सीएम रहते कभी नहीं उतर पाया। इसके बाद एक नया युग मप्र की राजनीति में शिवराज सिंह चौहान का शुरू होता है, जहां विकास के तमाम संकल्पों को लेकर उन पर कार्य करना शुरू हुआ जिसका कि परिणाम कई क्षेत्रों में देखने को मिला, रामपथगमन क्षेत्र भी एक ऐसा कार्य रहा, जहां विकास जमीन पर उतरे जरूरी लेकिन अधुरे–अधुरे। हालांकि यह सच है कि धार्मिक पर्यटन या श्रद्धा भावपक्ष हो उसको लेकर अनेक बड़े कार्य शिवराज के सीएम रहते हुए ही आगे बढ़े, जिसमें कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग और जैन तीर्थ सिद्धवरकूट क्षेत्र का विकास, सलकनपुर देवि धाम जीर्णोद्धार, महाकाल लोक जैसे तमाम बड़े कार्य सम्पन्न हुए लेकिन हर बार की तरह उनके कार्यकाल में भी "राम वन गमन पथ" का कार्य अधूरा ही रह गया।

जब बीच में 16 माह तक के अल्प समय के लिए कांग्रेस की सत्ता रही तब इतना भर इसमें हुआ कि "राम वन गमन पथ" के विकास के लिए कमलनाथ सरकार ने वर्ष 2019 में कार्ययोजना तैयार कर 22 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान तो किया गया पर इस सरकार में भी काम कुछ नहीं हुआ। जो कुछ भी चर्चाओं में रहा, वह भी कागजों तक सीमित था। इसके बाद दोबारा सत्ता में आते ही शिवराज सरकार ने इस कार्य को आगे बढ़ाया और 2022 में मध्य प्रदेश में "राम वन गमन पथ" (कॉरिडोर) का काम पहले चरण में आरंभ करने की मंशा से मूलभूत सुविधाएं जुटाने हेतु 300 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को अनुमति दे दी थी। लेकिन बात यहां भी पूरी तरह से नहीं बनी। हां इतना जरूर हुआ कि "राम वन गमन पथ" के लिए न्यास का गठन मध्य प्रदेश की पिछली शिवराज सरकार ने कर दिया था, जिसकी बैठक होकर इससे जुड़े आवशय़क निर्णय लिए जाने थे, लेकिन एक भी बैठक नहीं हो पाई और विधानसभा चुनाव की तारीख घोषित हो गई। ऐसे में इस संपूर्ण क्षेत्र का विकास जैसे अब तक धरातल पर उतरने का इंतजार कर रहा है। न्यास के अध्यक्ष मुख्यमंत्री हैं। न्यास में 33 सदस्य हैं, जिसमें 28 पदेन न्यासी सदस्य हैं। अब मध्य प्रदेश में श्रीराम वनवास के समय जिन मार्गों से गुजरे थे, उस "राम वन गमन पथ" के विकास का दायित्व डॉ. मोहन यादव के कंधों पर है और सीएम रहते हुए वे उसे पूरा करवाने की बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा भी है कि भाजपा की सरकार इस कार्य को कराएगी। इसकी कार्ययोजना से जुड़े सभी विषयों पर विचार कर उसे गति देने के लिए गठित श्रीरामचंद्र पथगमन न्यास की पहली बैठक चित्रकूट में मंगलवार को मुख्यमंत्री यादव की अध्यक्षता में होने जा रही है। इसमें संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंन्द्र सिंह लोधी, मुख्य सचिव वीरा राणा सहित संबंधित विभाग और जिलों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

फिलहाल वर्तमान सरकार के पिछले एक माह के दौरान जिस प्रकार के निर्णय लिया जाना सामने आया है, उससे जरूर लग रहा है कि वास्तव में अब "राम वन गमन पथ" धरातल पर साकार हो उठेगा, जिससे जहां धार्मिक गतिविधियां बढ़ेंगी और श्रद्धालुओं को उनके राम के पद चिह्नों के दर्शन सहज सुलभ हो सकेंगे। इसके साथ ही रोजगार के अनेक सुगम अवसर इस पूरे क्षेत्र में पैदा होंगे। फिर दुनिया भर से मप्र आनेवाले लोगों की संख्या में इजाफा होना भी एक बड़ी उपलब्धि रहेगी ही। उम्मीद करें कि "राम वन गमन पथ" मध्यप्रदेश के संपूर्ण विकास में एक बड़ा केंद्र बनकर जल्द उभरेगा।

# कोहरा : हवाई और रेल यात्रा की कब सुध ली जाएगी?



ऋतुपर्ण दवे

आमजन की यात्रा सुविधा के नाम पर संचालित सरकारी सेवाएं बेहद गैर जिम्मेदाराना व्यवहार कर रही हैं। चाहे हवाई यात्रा हो या रेल, हर रोज करोड़ों लोग परेशान हो रहे हैं। इनमें वो भी हैं जिन्हें हर हालत में अपनी नियत तिथि पर वांछित गंतव्य पर पहुंचना होता है और वो भी जिन्हें दो कनेक्टिविटी के सहारे यात्रा पूरी करनी पड़ती है। भारत में सही समय पर यात्रा पूरी होने की न तो किसी की गारंटी है और न ही कोई इस बदहाली को चुनौती ही दे सकता है। हर रोज पूरे देश में बड़ी संख्या में हवाई और रेल सेवाएं लेटलतीफी का शिकार हो रही हैं। जिसके जवाब में प्री रिकॉर्डेड चार शब्द 'असुविधा के लिए खेद है' काफी हैं। इन दिनों तो घने कोहरे के चलते स्थिति और भी बदतर है।

देश में औसतन ढाई से तीन हजार फ्लाइट्स रोजाना लगभग 4,56,000 यात्रियों को मुकाम तक पहुंचाती हैं। वहीं 8 अक्टूबर 2023 का एक आंकड़ा बताता है कि रेलवे रोजाना 22,593 ट्रेनें चलाता है जिनमें 13,452 यात्री ट्रेनों से औसतन 2.40 करोड़ यात्री सफर करते हैं, बाकी 9141 मालगाड़ियां हैं। बसों और निजी वाहनों से सफर करने वालों की संख्या जोड़ दें यह कई गुना बढ़ जाएगी।

अभी हवाई और रेल सेवा कोहरे के चलते ऐसी चरमराई हुई है कि पूछिए मत। अकेले दिल्ली से रोजाना 1400 उड़ानें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित होती हैं। कोहरे से हालात ऐसे हैं कि कई–कई दिन सूर्यदेव दर्शन नहीं देते, कोहरा छाया रहता है। ऐसे क्या टेक ऑफ, क्या लैण्ड सभी उड़ानों को रद्द, री–शिड्यूल या डायवर्ट करना पड़ता है। पूरे देश का यही हाल है। अभी दो दिन पहले 13 जनवरी को घने कोहरे के चलते मुंबई–गुवाहाटी उड़ान को बांग्लादेश के ढाका में इमरजेंसी लैंडिंग खातिर मजबूर होना पड़ा। इसमें फंसे यात्री बिना पासपोर्ट के अंतरराष्ट्रीय सीमा तो पार कर गए लेकिन कई घंटे हवाई जहाज में बैठे रहे। विदेशी धरती पर कैसे उतरते? कोहरे की मार से हमारे सभी हवाई अड्डे प्रभावित हैं। ऐसे में महंगी और सही वक्त पर पहुंचने के खातिर हवाई यात्राओं के भी कोई मायने नहीं।

कमोबेश इससे भी बदतर हालत यात्री ट्रेनों की है। कोहरे की मार से रोजाना आधे से ज्यादा रेल यात्री परेशान होते हैं। जहां कोरोना के चलते रद्द कई ट्रेन शुरू नहीं हो पाई वहीं जो चलीं वो भी कई तरह के सुधार और सुविधाओं के नाम पर रद्द, लेट या री–शिड्यूल हो रही हैं। बिलासपुर जोन ने तो ट्रेनों के रद्द करने का देश में कीर्तिमान ही बना डाला। यहां कुछ सालों में हजारों जोड़ी ट्रेन रद्द हुईं। कोयला, दूसरी खदानों व पॉवर सेक्टर वाले बिलासपुर जोन में आने–जाने वाले लाखों यात्रियों को लेटलतीफी या एकाएक ट्रेन कैंसिल होने से असहनीय परेशानी होती है। अभी यात्री गाड़ियों के खातिर कोहरे का बहाना है और मालगाड़ियां पूरी रफ्तार में हैं।



आखिर हवाई और रेल यात्रियों की सुध लेगा कौन? उनकी परिस्थिति और मानसिक स्थिति को कौन समझेगा? आगे की यात्रा के लिए दो–तीन घण्टे की मार्जिन रख, कनेक्टिग फ्लाइट्स या ट्रेन की कंफर्म टिकट लेकर महीनों पहले अपना कार्यक्रम तय कर चुके लोग ऐन वक्त पर चार शब्दों के जवाब 'असुविधा के लिए खेद है' से निपटा दिए जाते हैं और भुक्तभोगी अपना सिर नोचने के कुछ नहीं कर पाता। चाहे विमानन सेक्टर हो या रेलवे इन्हें पता होता है कि कब से कब कोहरा तो कब बारिश और कब गर्मी होगी। लेकिन जानकर भी न निपट पाने की ढिठाई इस हाईटेक और आर्टिफीशियल इण्टेलीजेंस के जमाने में समझ से बाहर है। कोहरे से कम विजिबिलिटी में विमान उड़ाने और उतारने के लिए पायलटों को सीएटी–3बी जैसे प्रशिक्षित होना जरूरी है। इसमें मुख्य पायलट को 2,500 घंटे और को पायलट को 500 घंटे उड़ान का अनुभव हो। यह अत्यधिक खर्चीला है। कंपनियों को पायलट को सवैतनिक छुट्टी देकर दूसरे खर्च भी उठाने पड़ते हैं, जो नहीं होता। कैट–3बी तकनीक के रनवे भी अलग बनते हैं ताकि घने कोहरे में भी विमान उतर सकें। ये देश में ज्यादा नहीं हैं। इसमें एडवांस्ड इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आइएलएस), एयरफील्ड ग्राउंड लाइट्स (एजीएल), मौसम संबंधी उपकरण जैसे ट्रांसमीसोमीटर, ऑटोमैटिक वेदर ऑब्जर्वेटरी स्टेशन (एडब्ल्यूओएस), सरफेस मूवमेंट रडार (एसएमआर) और अन्य नेविगेशनल उपकरण लगते हैं। सबका संचालन व रखरखाव कठिन और खर्चीला है। अभी देश में कुल छह दिल्ली, जयपुर, अमृतसर, लखनऊ, कोलकाता और कैम्पागौड़ा हवाई अड्डा कैट–3–बी तकनीक से लैस है। सोचिए, दिल्ली में कैट–3–बी रनवे केवल एक है। इनमें 50 मीटर की विजिबिलिटी पर विमान का उतरा और 125 मीटर की विजिबिलिटी पर टेक–ऑफ किया जा सकता है। अभी अमूमन लैंडिंग खातिर 550 मीटर और टेक–ऑफ हेतु 300 मीटर विजिबिलिटी जरूरी है। यही स्थिति रेलवे की है। इसी 4 जनवरी को सरकार के अधीन डीडी न्यूज ने अपनी वेबसाइट पर शीर्षक 'कोहरे से ट्रेन यात्रा नहीं होगी प्रभावित, करीब 20 हजार फॉग डिवाइस से लैस हुई भारतीय रेलवे' से एक जानकारी अपलोड की। जिसमें बताया कि कोहरे से ट्रेन यात्रा प्रभावित नहीं होगी, क्योंकि 20 हजार फॉग डिवाइस से भारतीय रेलवे लैस हो चुका है। आगे लिखा कि कोहरे के दौरान सुचारू रेल परिचालन सुनिश्चित करने के लिए 19,742 जीपीएस आधारित पोर्टेबल फॉग पास डिवाइस उपलब्ध कराए हैं। ये लोको पायलटों को सिग्नल, लेवल क्रॉसिंग गेट और स्थायी गति प्रतिबंधों जैसे चिन्हित स्थलों के स्थान के बारे में ऑन–बोर्ड वास्तविक समय की जानकारी प्रदान कराता है। इस पहल को ट्रेन सेवाओं की विश्वसनीयता में सुधार, देरी को कम करने और समग्र यात्री सुरक्षा को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी बताया। मध्य रेलवे में 560, पूर्वी रेलवे में 1103, पूर्व मध्य रेलवे में 1891, पूर्वी तटीय रेलवे में 375, उत्तर रेलवे में 4491, उत्तर मध्य रेलवे में 1289, पूर्वोत्तर रेलवे में 1762, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में 1101, उत्तर पश्चिम रेलवे में 992, दक्षिण मध्य रेलवे में 1120, दक्षिण पूर्व रेलवे में 2955, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 997, दक्षिण पश्चिम रेलवे में 60 और पश्चिम मध्य रेलवे में 1046 फॉग पास डिवाइस उपलब्धि का दावा भी किया।

सवाल यह कि तकनीक के इस दौर में जहां हम चन्द्रयान और सूर्य के रहस्य के लिए अनजाने अंतरिक्ष में अपने यान सफलता पूर्वक भेज देते हैं लेकिन अपनी धरती, अपने आसमान के बीच का धुंधलका दूर करने के जतन में हर साल सैकड़ों करोड़ बर्बाद करने के बाद भी कुछ हासिल नहीं कर पा रहे हैं? हैरानी है कि दोनों बड़ी ट्रेवल एजेंसी यानी एयरपोर्ट और ट्रेनों के संचालन में बाधा बने मामूली कोहरे से नहीं निपट पाना चिंताजनक, दुखी और परेशान करने वाला है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# चंद हाथों में कैसे सिमट रही है दुनिया की दौलत



मनोज कुमार अग्रवाल

दुनिया समेत भारत में भी अमीरों और गरीबों के बीच की खाई बढ़ रही है। लगातार कुछ दौलतमंद पूंजीवादी हाथों में दुनिया की दौलत सिमट रही है इनकी अमीरी लगातार द्रुत गति से बढ़ रही है जबकि गरीब मेहनत कश इंसान और रसातल में जा रहा है। आप को बता दें कि साल 2020 से लेकर 2023 तक दुनियाभर ने काफी कुछ देखाण इसी दौरान कोविड जैसी महामारी भी आई। रूस और यूक्रेन में जंग भी शुरू हो गई। फिर इजरायल और हमास के बीच भी युद्ध शुरू हो गया। ऐसी ही कई घटनाएं हुईंए जिसने दुनियाभर की अर्थव्यवस्था पर गहरा असर डाला। करोड़ों लोगों की नौकरियां गईं। करोड़ों परिवारों की बचत खत्म हो गईण नतीजा ये हुआ कि गरीब और गरीब होते चले गएए लेकिन इसके उलट कुछ ऐसे लोग भी जिनकी संपत्ति बेतहाशा बढ़ी। भारत के हालात भी खास अलग नहीं है। पिछले दिनों अमेरिकी मार्केटिंग एनालिसिस फर्म मर्सेलस इंवेस्टमेंट मैनेजर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत की 80 प्रतिशत दौलत केवल 2 लाख परिवारों के पास है। एक अन्य रिपोर्ट श्विनर टेक ऑल इन इंडियाज न्यू इकोनॉमी के अनुसार आर्थिक विकास से आया 80 प्रतिशत धन केवल 20 कंपनियों के खाते में जा रहा है। निफ्टी में पिछले 10 सालो में जो 116 करोड़ की पूंजी बनी उसका 80 प्रतिशत सिर्फ 20 कंपनियां ले गईं। असमानता के मामले में केवल रूस और ब्राजील हमसे खराब स्थिति में हैं। भारत के 1 प्रतिशत सबसे दौलतमंद लोगों के पास देश की 40.6 प्रतिशत दौलत है। इस मामले में जापान (17 प्रतिशत) के साथ सबसे अच्छी स्थिति में है। हालांकि भारत सरकार के आंकड़े कुछ अलग बयान करतें हैं। इनमें दावा किया गया है कि देश के करीब साढ़े तेरह करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। लेकिन अभी अठारह करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं। अमेरिकी संस्था ऑक्सफैम इंटरनेशनल की रिपोर्ट बताती है कि साल 2020 से लेकर अब तक पांच अरबपतियों की संपत्ति 114 फीसदी बढ़ी है। इन्होंने हर घंटे 1.4 करोड़ डॉलर यानी 116 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है। इसके उलट गरीब और गरीब हुए हैं। इतने ही सालों में पांच अरब लोग गरीब भी हुए हैं। इस रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि अगर अमीरों की संपत्ति इसी तरह बढ़ती गई तो अगले 10 साल में दुनिया को पहला खरबपति मिल जाएगा। इसके साथ ही जिस रफ्तार से गरीबी बढ़ रही है उसे खत्म होने में 230 साल का वक्त लगेगा। इनइक्विलिटी इंक नाम से जारी हुई रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के शीर्ष 5 अमीरों की दौलत बीते 4 साल के दौरान 869 बिलियन डॉलर बढ़ी है। मतलब बीते चार सालों के दौरान दुनिया के पांच सबसे अमीर लोगों को हर घंटे 14 मिलियन डॉलर की कमाई हो जाती है। भारतीय करेंसी में इस रकम को बदलें तो यह करीब 116 करोड़ रुपये हो जाता है। मतलब दुनिया के 5 सबसे अमीर लोगों को पिछले 4 साल के दौरान हर घंटे 100 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई हुई।

फोर्ब्स की रियलटाइम बिलेनियर्स लिस्ट के हिसाब से अभी दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क हैं। जिनकी मौजूदा नेटवर्थ 230 बिलियन डॉलर है। दूसरे नंबर पर 182.4 बिलियन डॉलर के साथ बर्नार्ड अर्नाल्ट हैं। अमेजन के जेफ बेजोस 176.9 बिलियन डॉलर की दौलत के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वहीं 135.2 बिलियन डॉलर की नेटवर्थ के साथ लैरी एलिसन चौथे स्थान पर और 132.3 बिलियन डॉलर के साथ मार्क जुकरबर्ग पांचवें स्थान पर हैं। ऑक्सफेम की रिपोर्ट में पांच सबसे अमीर लोगों में जुकरबर्ग की जगह पर वारेन बफे को रखा गया है। जो मौजूदा नेटवर्थ के हिसाब से छठे स्थान पर खिसक गए हैं।

आप जान लें कि गरीबी और अमीरी के बीच की बढ़ती खाई को दर्शाने वाली ऑक्सफैम की ताजा रिपोर्ट के कुछ निष्कर्ष बेहद चिंताजनक है। दावोस में विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के पहले दिन सोमवार को जारी ऑक्सफैम की वार्षिक असमानता रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के पांच सबसे अमीर लोगों की संपत्ति 2020 के बाद से दोगुनी से अधिक अर्थात 405 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 869 अरब अमेरिकी डॉलर हो गई हैए। रिपोर्ट के मुताबिक पांच अमीर व्यक्तियों के पास साल 2020 में 405 अरब डॉलर (करीब 34 लाख करोड़ रुपये) की संपत्ति थी। जो अब बढ़कर 869 अरब डॉलर (करीब 72 लाख करोड़ रुपये) हो गई है। रिपोर्ट में ये भी बताया गया गया है कि अमीर मुल्कों में महज 21 फीसदी आबादी रहती है। लेकिन यहां के लोगों का दुनिया की 69 फीसदी संपत्ति पर मालिकाना हक है। विश्व भर में सबसे अमीर 1 फीसदी लोगों के पास दुनिया की 43 फीसदी संपत्ति है। इनके पास मिडिल ईस्ट में 48 फीसदी, एशिया में 50 फीसदी और यूरोप में 47 फीसदी संपत्ति है। जबकि इसी अवधि में पांच अरब लोगों की संपत्ति में गिरावट आई है और गरीबों की संख्या बढ़ी है। जाहिर है कि दुनियाभर में आर्थिक विकास का जो तंत्र अपनाया जा रहा है वह कहीं न कहीं त्रुटिपूर्ण है। जिसमें सुधार करने की जरूरत है। दुनिया में समृद्धि बढ़े, यह खुशी की बात है लेकिन बहुत से लोगों के गरीब होने की कीमत पर अगर कुछ लोग समृद्ध हों तो यह चिंता की बात है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट के अनुसार विश्व को जहां एक दशक में अपना पहला खरबपति मिल सकता है, वहीं अगर मौजूदा रुझान जारी रहते हैं तो दुनिया में व्याप्त गरीबी अगले 229 वर्षों में भी खत्म नहीं होगी। चौंकाने वाली बात तो यह है कि जिस कोविड–19 ने दुनियाभर में अरबों लोगों को प्रभावित किया, करोड़ों लोगों की आजीविका के साधन को छीना, उसी कोरोना के दो साल में अरबपतियों ने इतनी कमाई की जितना उन्होंने पिछले 23 साल में नहीं कमाया था। महामारी आने के बाद दुनिया में 573 अरबपति बढ़ गए। यानी हर 30 घंटे में एक अरबपति बढ़ा और इन अरबपतियों की संपत्ति महामारी के दौर में 42 फीसदी यानी 293.16 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। दुनिया के 3.1 अरब लोगों के पास कुल मिलाकर भी इतनी संपत्ति नहीं है जितनी संपत्ति 10 सबसे अमीर लोगों के पास है। निश्चित रूप से इस आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए कारगर प्रयास किए जाने की जरूरत है। जिसमें अत्यधिक अमीरों पर ज्यादा टैक्स लगाना भी एक उपाय हो सकता है। गरीबी का स्वास्थ्य पर किस कदर असर पड़ता है। इसे इस तथ्य से समझा जा सकता है कि अमीर देशों में रहने वाले लोगों की औसत उम्र गरीब देशों में रहने वालों की तुलना में 16 साल ज्यादा है। साक्ष्य बताते हैं कि स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा पर किए जाने वाले खर्च से आय असमानता को कम कम किए जाने में मदद मिलती है। उदाहरण के लिए यदि कोई सरकार मुफ्त और उच्च गुणवत्ता वाली सार्वजनिक सेवाओं में निवेश करती है तो गरीब लोगों को उस पर खर्च नहीं करना पड़ता है। जिससे उनके पैसे बचते हैं। अमीरी–गरीबी की खाई जितनी ज्यादा बढ़ती है, उतना ही ज्यादा समाज में असंतोष बढ़ता है और कई तरह के अपराधों में भी वृद्धि होती है। इसलिए आय असमानता को कम से कम किया जाना बेहद जरूरी है। भारत सरकार इस रिपोर्ट को सिरे से खारिज नहीं कर सकती है। हमें इस असमानता को लेकर कुछ जरूरी कदम उठाने होंगे।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# गरीबी के अभिशाप से मुक्ति की ओर अग्रसर भारत



ललित गर्ग

आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीब एवं गरीबीमुक्त भारत के संकल्प की ओर सफलतापूर्वक आगे बढ़ना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार की बड़ी उपलब्धि एवं ऐतिहासिक सफलता है। नीति आयोग के अनुसार जीवन स्तर सुधार, शिक्षा व चिकित्सा की उपलब्धता के आधार पर देश में कुल 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं। विगत नौ वर्ष में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है।

आजादी के 75 साल बाद भी भारत के सामने जो सबसे बड़ी चुनौतियां खड़ी रही है, इनमें गरीबी सबसे प्रमुख है। यही कारण है कि वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। गरीबी के अभिशाप से देश की एक बड़ी आबादी को निकालने के लिए मोदी सरकार के प्रयत्न निश्चित ही सराहनीय है। नीति आयोग के मुताबिक देश में वर्ष 2013–14 में बहुआयामी गरीबी 29.17 फीसदी थी जो वर्ष 2022–23 में घटकर 11.28 प्रतिशत रह गई है। बहुआयामी गरीबी के आंकड़े जुटाते समय पोषण, बाल व किशोर मृत्यु दर, स्वच्छता, पीने का पानी, बिजली, आवास और संपत्ति के साथ–साथ बैंक खातों के मापदंडों को भी ध्यान में रखा जाता है। इसके साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार भी गरीबी से बाहर आने की स्थितियों के मूल्यांकन का आधार है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि पिछले सालों में इन तीनों ही मोर्चों पर देश में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए समानता, संतुलन एवं गरीबी उन्मूलन का काफी काम हुआ है। इसी का नतीजा है कि नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट में हर्ष एवं उल्लास की यह खबर दी गई है कि बीते नौ साल के दौरान करीब पच्चीस करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं। देश की विशाल आबादी के इस बड़े हिस्से से जुड़ा यह आंकड़ा इसलिए भी राहत देने वाला कहा जा सकता है कि कभी 'बीमारू' राज्य कहे जाने वाले बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश सरीखे राज्यों में गरीबी में सबसे ज्यादा कमी आई है।



दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ–व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये गरीबी से बाहर आना एवं गरीबी के कलंक को धोना जरूरी है। यह माना भी जाता है कि किसी भी देश का आर्थिक विकास लोगों में समृद्धि लाने वाला होता है। लेकिन, यही समृद्धि जब आर्थिक असमानता का प्रतीक बन जाए तो चिंता का सबब एवं त्रासदी बन जाती है। चिंता इस बात की भी रही है कि आजादी के प्रारंभिक पचास वर्षों की सरकारों के सामने गरीबी उन्मूलन का लक्ष्य कोरा भाषणों, नारों एवं दिखावे का रहा, यही कारण है कि उस दौर में विकास के जरिए होने वाली आर्थिक समृद्धि का फायदा भी गिने–चुने हाथों में पहुंचता रहा है। गरीब और गरीब एवं अमीर और अमीर होते हुए देखे गये। इस तरह की राजनीतिक प्रेरित योजनाएं गरीबी उन्मूलन के प्रयासों में सबसे ज्यादा बाधक बनी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुसार देश में आतंकवादी वारदातें कम होने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, सरकार के ईमानदारी और पारदर्शिता से काम करने के साथ उनकी सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए ज्यादा से ज्यादा धन खर्च किया है और 13.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। निश्चित ही भारत से गरीबी दूर हो रही है। इन सुखद आंकडों के साथ देशवासियों को ?इस बात का अहसास कराया जा रहा है कि जब देश आर्थिक रूप से मजबूत होता है तो तिजोरी ही नहीं भरती बल्कि देश का सामर्थ्य भी बढ़ता है।?निश्चित ही गरीबी के अभिशाप को पूरी तरह समाप्त करने के लिये परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के खिलाफ लड़ने की जरूरत है क्योंकि ये गरीब, पिछड़े, आदिवासियों और दलितों का हक छीनते हैं, इनसे गरीब को समाप्त हो जाते हैं लेकिन गरीबी नहीं। वित्त वर्ष 2015–16 से लेकर 2019–21 के मोदी सरकार के 5 वर्षों के दौरान ग्रामीण इलाकों में सबसे ज्यादा गरीबों की संख्या में कमी आई है। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों की संख्या 32.59 फीसदी से घटकर 19.28 फीसदी रह गई है। इसी अवधि के दौरान शहरी इलाकों में गरीबी 8.65 फीसदी से 5.27 फीसदी रह गई है। नीति आयोग के ताजे आंकड़ों के अनुसार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, सौभाग्य योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनधन योजना और समग्र शिक्षा के चलते भी देश में गरीबी कम हुई है और लोगों का जीवन बदला है। इसके बावजूद अभी भी देश में एक बड़ा तबका है, जो बुनियादी सुविधाओं के अभाव वाला जीवन जीने को मजबूर है। यह स्पष्ट संकेत है कि तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नए विचारों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर विमर्श के साथ गरीबों के लिये आर्थिक स्वावलम्बन–स्वरोजगार की आज देश को सख्त जरूरत है। गरीबों को मुफ्त की रेवड़िया बांटने एवं उनके वोट बटोरने की स्वार्थी राजनीतिक मानसिकता से उपरत होकर ही गरीबीमुक्त संतुलित समाज संरचना की जा सकती है।

सतत गरीबी उन्मूलन के लिये व्यापक कार्य किया जाना अपेक्षित है। नया भारत–सशक्त भारत बनाने की जरूरत यह नहीं है कि चंद लोगों के हाथों में ही बहुत सारी पूंजी इकट्ठी हो जाये, पूंजी का वितरण ऐसा होना चाहिए कि विशाल देश के लाखों गांवों एवं करोड़ों लोगों को आसानी से उपलब्ध हो सके।

लेकिन क्या कारण है कि महात्मा गांधी को पूजने वाला पूर्व सत्ताशीर्ष का नेतृत्व उनके ट्रस्टीशीप के सिद्धान्त को बड़ी चतुराई से किनारे करता रहा है। यही कारण है कि एक ओर अमीरों की ऊंची अट्टालिकाएं हैं तो दूसरी ओर फुटपाथों पर रेंगती गरीबी। एक ओर वैभव ने व्यक्ति को विलासिता दी और विलासिता ने व्यक्ति के भीतर क्रूरता जगाई, तो दूसरी ओर गरीबी तथा अभावों की त्रासदी ने उसके भीतर विद्रोह की आग जला दी। वह प्रतिशोध में तपने लगा, अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं। नई आर्थिक प्रक्रिया को आजादी के बाद दो अर्थों में और बल मिला। एक तो हमारे राष्ट्र का लक्ष्य समग्र मानवीय विकास यानी गरीबी उन्मूलन के स्थान पर आर्थिक विकास रह गया। दूसरा सारे देश में उपभोग का एक ऊंचा स्तर प्राप्त करने की दौड़ शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया में सारा समाज ही अर्थ प्रधान हो गया है। लेकिन मोदी सरकार अर्थ की दौड में दुनिया की सर्वोच्च आर्थिक ताकत बनने के साथ गरीबी को दूर करने के लिये भी ठोस काम कर रही है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ भी आर्थिक असंतुलन एवं गरीबी को दूर करने एवं समतामूलक समाज की स्थापना के लिये प्रतिबद्ध है। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में भारत के सार्थक प्रयास से सुरक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, खाद्यान्न सहित कई क्षेत्रों में प्रगति की है। भारत विश्व में आर्थिक रूप से संपन्न 5 देशों में शामिल हो चुका है। श्रीराम मन्दिर प्राण–प्रतिष्ठा के साथ ही गरीबी के आंकड़ों में गिरावट से दुनिया हैरान हो रही और यह अमृत काल की अमृत उपलब्धि है। फिर भी कल्याणकारी योजनाओं व आर्थिक संबल के अलावा भी देश को स्वावलम्बी बनाने, महंगाई व बेरोजगारी की चुनौतियों के दक्षतापूर्ण एवं कुशल प्रबंधन की जरूरत है। आर्थिक विकास का लाभ समाज के वंचित और शोषित वर्ग तक सुलभ होता रहे, यह अपेक्षित है। इसके लिये मोदी सरकार बिना शोर–शराबे के गरीबी उन्मूलन के मिशन पर लगी है, जिसके आश्चर्यकारी एवं सुखद परिणामों से देशवासी ही नहीं, दुनिया भी स्तंभित होती रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### भक्त प्रहलाद व नर्सिंग भगवान का सुनाया चरित्र,प्रसंग

- पांडाल में श्रद्धालुओं ने बरसाए फूल,
- श्रीमद भागवत कथा में उमड़ रही है भीड़,




**चमकता राजस्थान।करणपुर!(मुकेश गुप्ता)।** कस्बे में मोहनलाल गोयल के निवास पर चल रही भागवत कथा में चौथे दिन भक्त प्रहलाद चरित्र,जड़ भरत,भूगोल खगल एवं अजामिल उपाख्यान का कथा में चरित्र सुनाया गया।भागवत कथा पंडित राधारमण शास्त्री ने गुरुवार को नर्सिंग भगवान की कथा विस्तार से सुनाई। कथा में समुद्र मंथन के प्रसंग मे बताया कि मानव के जीवन में सुख और दुःख मंथन के रूप मे प्रकट होते है। राजा बली और वामन भगवान का पावन चरित्र सुनाकर लोगो को भाव विभोर कर दिया। इस प्रसंग को श्रद्धा के साथ श्रवण करने से मानव के पापो से मुक्ति पाकर अच्छे मार्ग पर चलने का गति मिलती है। वही भागवत कथा सुनने के लिए आने बाली महिलाएं नृत्यकर झूम झूम कर नाची। वही वामन भगवान की सजीव झांकी के दर्शन हुए। इस दौरान नर्सिंग भगवान व भक्त प्रहलाद वामण अवतार की सजीव झांकी सजाई गई। दूर दराज से आने बाले भक्त कथा श्रवण कर रहे है। संजीव झांकी में आनंद कुमार गोयल को नर्सिंग भगवान व गोलू अग्रवाल को भक्त प्रहलाद बनाया गया।

### राम जन्मभूमि पूजा स्थल कार्यक्रम अयोध्या में दानवीर भामाशाह राजेंद्र यादव को किया आमंत्रित

**चमकता राजस्थान। किशनगढ़,!(शंकर शर्मा )।** किशनगढ़, राजेंद्र यादव समाज के दानवीर भामाशाह है राजेन्द्र यादव सफल उद्योगपति के साथ-साथ एक अच्छे समाजसेवी भी है श्री यादव उद्योगपति के साथ भामशाह के रूप में ख्याति प्राप्त कर अब तक इन्होंने कई स्कूल मंदिर एवं गरीब बच्चों और गौशाला में करोड़ों रुपए का दान कर चुके हैं यह गरीब बच्चों के शिक्षा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं सामाजिक एवम धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजनों में सहर्ष आर्थिक एवम भौतिक रूप से सहयोग करते है आज हम सब किशनगढ़ वासियों के लिए खुशी की बात है कि अयोध्या में22जनवरी को प्रभु श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में राम जन्मभूमि द्वारा इनको आमंत्रित किया गया जो हम सबके लिए गर्व की बात है प्रभु श्री राम इनको सदैव मानवता की सेवा करते रहने के लिए समृद्ध बनाए रखे



### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से की शिष्टाचार भेंट



**चमकता राजस्थान। जयपुर। (खलील कुरैशी)।** मालवीय कन्वेट स्कूल के निदेशक डॉ सन्नी कपूर ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की एवं उन्हे को शुभकामनाएं दी तथा प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर स्कूल मैगजीन की प्रति भेंट की एवं शिक्षा के क्षेत्र मे उनकी संस्थान द्वारा किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी।

### जेजेएम प्रोजेक्ट्स की प्रगति की डे-टू-डे आधार पर होगी मॉनिटरिंग

# ठेकेदार फर्म के साथ अधिकारियों की भी तय होगी जिम्मेदारी: जलदाय मंत्री

चमकता राजस्थान




**जयपुर,! (खलील कुरैशी)18 जनवरी।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि जल जीवन मिशन में प्रोगेस महत्वपूर्ण है। जल कनेक्शन (एफएचटीसी) अधिक से अधिक होंगे तभी जेजेएम में प्रगति दिखाई देगी। जलदाय मंत्री ने कहा कि वर्तमान में चल रही वृहद् परियोजनाओं की डे-टू-डे आधार पर मॉनिटरिंग होगी एवं धीमी गति से चल रही परियोजनाओं के मामले में कोई बहानेबाजी स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने ठेकेदार फर्मों के खिलाफ एक्शन लेने के साथ ही संबंधित अभियंताओं की जिम्मेदारी भी तय करने के भी निर्देश दिए।

जलदाय मंत्री गुरूवार को जल भवन में आयोजित जेजेएम की वृहद् परियोजनाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं के कार्यादेश हो चुके हैं उनमें एफएचटीसी बढ़ाने पर फोकस करें। जल कनेक्शनों में गति लाई जाए ताकि अन्य राज्यों के मुकाबले राजस्थान ऊपरी पायदान पर पहुंच सके। उन्होंने कहा कि सचिव, एमडी एवं मुख्य अभियंता के स्तर पर समय-समय पर परियोजनाओं की प्रगति को लेकर मॉनिटरिंग की जाए एवं देरी के पीछे वास्तविक कारण होने पर उनका हल निकाला जाए ताकि आमजन को नल के माध्यम से जल उपलब्ध कराने के जेजेएम के मूल उद्देश्य को पूरा किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को फास्ट डिसीजन मेकिंग की आदत अपनाने को कहा।

चौधरी ने परियोजना की साइट पर हिण्ड्रेंस रजिस्टर मेंटेंन करने के निर्देश दिए और कहा कि प्रोजेक्ट में आ रही परेशानी के बारे में ठेकेदार फर्म द्वारा रजिस्टर में उल्लेख किया जाए एवं संबंधित अभियंता के हस्ताक्षर हों। उन्होंने जिलों के प्रभारी मुख्य अभियंताओं एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंताओं को हर माह दौरे करने एवं प्रगतिरत परियोजनाओं का साइट पर जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिस जिले में परियोजनाओं एवं एफएचटीसी की प्रगति कम होगी वहां के प्रभारी अभियंता की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने बैठक में मौजूद एवं वीसी से जुड़े कॉन्ट्रेक्टर फर्मों के प्रतिनिधियों से परियोजनाओं में देरी के कारणों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ठेकेदार फर्में गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर कार्य पूरा करने पर ध्यान दें। उनको आ रही वास्तविक समस्याओं को विभाग के स्तर पर सुलझाने में पूरा सहयोग किया जाएगा।

जलदाय मंत्री ने लीकेज एवं अन्य कारणों से हो रही पानी की छीजत रोकने के लिए ऑपरेशन एण्ड मेंटीनेंस को लेकर ठेकेदार फर्म की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओ एण्ड एम में लापरवाही की वजह से पानी व्यर्थ बह जाता है। उन्होंने पानी की छीजत रोकने एवं उपलब्ध पानी का सदुपयोग बढ़ाने पर फोकस करने को कहा।

बैठक में सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी डॉ. समित शर्मा ने वर्तमान में चल रहे प्रोजेक्ट्स की मॉनिटरिंग के लिए प्रगति पोर्टल की तर्ज पर ही पीएचईडी का ऑनलाइन सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए। उनहोंने प्रोजेक्ट्स की गति को लेकर ठेकेदार फर्मों की लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा।

#### ये गणमान्य रहे मौजूद

» समीक्षा बैठक में एमडी जल जीवन मिशन बचनेश अग्रवाल, मुख्य अभियंता (जल जीवन मिशन) आर. के. मीणा, मुख्य अभियंता (प्रशासन) राकेश लुहाड़िया, मुख्य अभियंता (विशेष परियोजना) दिनेश गोयल, मुख्य अभियंता (तकनीकी) दलीप गौड, मुख्य अभियंता (जोधपुर) नीरज माथुर, मुख्य अभियंता (शहरी) के डी गुप्ता सहित मुख्यालय, पीएचईडी रीजन एवं प्रोजेक्ट्स से जुड़े अतिरिक्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं अधिशाषी अभियंता उपस्थित रहे।

## ईडब्ल्यूएस आरक्षण की विसंगतियां दूर करने की मांग, बाप में तहसीलदार को पीएम के नाम का दिया ज्ञापन




चमकता राजस्थान

**बाप!(कविकान्त खत्री)।** ईडब्ल्यूएस आरक्षण 10 प्रतिशत से वृद्धि कर 14 प्रतिशत करने, सम्पति सम्बंधी शर्तों को विलोपित करते हुए सरकारी/अर्द्ध सरकारी सेवाओं, शैक्षणिक, स्वायत संस्थाओं व पंचायती राज संस्थानों में 14 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण का लाभ दिलानें की मांग को लेकर गुरुवार को ईडब्ल्यूएस संघर्ष समिति जोधपुर के संयोजक हनुमानसिंह खांगटा के नेतृत्व में बाप में तहसीलदार शिवप्रसाद गौड़ को प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया की ईडब्ल्यूएस आरक्षण के सन्दर्भ में शुरूआती दौर से ही अनारक्षित वर्ग की मॉग 14 प्रतिशत आरक्षित कोटा प्रदान करनें की रही है। केन्द्र सरकार द्वारा इस वर्ग हेतु 10 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया है। हमारी मॉग है कि सरकारी सेवाओं एवं शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश हेतु ई.डब्ल्यूएस वर्ग के लिए प्रारम्भिक मॉग के अनुसार 14 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जावे। ईडब्ल्यूएस आरक्षण में केन्द्र सरकार द्वारा सम्पति सम्बंधी जो प्रावधान रखे गये है, उनकी बाध्यताओं के चलते ईडब्ल्यूएस वर्ग के अधिसंख्य लोगों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। राजस्थान जैसे प्रदेश की भौगोलिक एवं आर्थिक स्थिती को देखते हुए सरकार से यह मॉग की गई है की वह सम्पति सम्बंधी प्रावधानों को विलोपित करते हुए नियमों का सरलीकरण करे। यदि ऐसा नही किया गया तो यह आरक्षण केवल वैधानिक रह जायेगा वास्तविक जरूरतमन्द लोगों को इसका फायदा नहीं मिल सकेगा।ज्ञापन में राजस्थान सरकार की तर्ज पर कृषि भूमि, प्लॉट, मकान, फ्लेट आदि सम्पति सम्बंधी प्रावधानों का सरलीकरण कर ईडब्ल्यूएस वर्ग हेतु आरक्षित कोटे में वृद्धि कर इसे 14 प्रतिशत किया जावे। महिला वर्ग के लिए पति एवं पिता दोनों की आय के आधार पर ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट जारी किये जा रहे हैं, जिसमें संशोधन कर एक परिवार की आय की गणना करते हुए जारी किया जावे। इसके अलावा पंचायतीराज संस्थाओं एवं स्वायत संस्थाओं के निर्वाचन में ईडल्यूएस वर्ग को अधिकतमप्रतिनिधित्व देनें के अवसर प्रदान करने हेतु ओबीसी/एससी/एसटी की तर्ज पर आरक्षण का लाभ दिया जावे। ज्ञापन में आर्थिक रूप पिछड़े आरक्षण से वंचित वर्ग को वास्तविक एवं व्यवहारिक लाभ पहुँचानें के लिए ईडब्ल्यूएस आरक्षण का सरलीकरण एवं विस्तार करने की मांग की गई। ज्ञापन देते समय मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष व ईडब्ल्यूएस संघर्ष समिति जोधपुर के संयोजक हनुमानसिंह खांगटा, राजपूत महासभा फलोदी के अध्यक्ष कुम्भसिंह पातावत, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रकाशचंद्र छंगाणी, पूर्व उप प्रधान जगदीश पालीवाल, बाप प्रधान प्रतिनिधि एडवोकेट रतनसिंह धोलिय, पूर्व सरपंच एडवोकेट मगसिंह सिडा, वरिष्ठ भाजपा नेता किशनलाल पालीवाल, नगरपालिका बाप के डिप्टी चेयरमैन गोपाल भट्टड़, जीएसएस कानसिंह की सिडा अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह भाटी, पुष्करणा समाज बाप के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश पुरोहित, माहेश्वरी समाज बाप अध्यक्ष अशोक चांडक, अधिवक्ता संस्थान बाप अध्यक्ष एडवोकेट मदनसिंह भाटी, पार्षद मनोज पुरोहित, व्यापार मंडल अध्यक्ष तिलोक राठी, भाजपा नेता अजीतसिंह शेखासर, महेश पालीवाल, दुर्गसिंह सिह-ड़ा, ओमप्रकाश राठी, एडवोकेट मदन शर्मा, विजय कुमावत, लक्ष्मणसिंह टेपू, मुरलीधर दर्जी, मोती राजा पालीवाल, सवाईसिंह भाटी, बजरंग महाराज, पार्षद सुरेश पालीवाल, एडवोकेट राजेंद्रसिंह भुट्टा बारू, सांगीदान पालीवाल, मनोज लोहिया, जबरसिंह गुड़ा, देवीलाल पालीवाल, रवि पालीवाल, मोहन पालीवाल, एडवोकेट लीलाधर पालीवाल, गिरधारी हुड्डा आमला, पूर्व उप सरपंच भँवरसिंह टेपू, एडवोकेट विरेन्द्रसिंह भाटी, जीएसएस अध्यक्ष भँवरसिंह भाटी आदि उपस्थित थे।

## अटल भूजल योजना के अंतर्गत धौलपुर जिले के ब्लॉक की ग्राम पंचायत बसई नीम, बीलपुर, ओदी में जल सुरक्षा योजना में सम्मिलित



**चमकता राजस्थान। धौलपुर!(रामदास तरुण)।** भूजल योजना के अंतर्गत धौलपुर जिले की ग्राम पंचायत ईस बीलपुर, ओदी को जल सुरक्षा योजना में सम्मलित वित्तीय वर्ष 2023-24 में डीएलआई 3 व डीएलआई 4 के कार्यों के सत्यापन के लिए राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई जयपुर से सहायक नोडल अधिकारी डॉ. विनय भारद्वाज व जिला नोडल अधिकारी डॉ. योगेश मनात व कृषि विशेषज्ञ राम किशोर गोस्वामी और आईईसी विशेषज्ञ कल्याण सिंह द्वारा अटल भूजल योजना के लाभार्थियों से योजना के अंतर्गत लिए गए तालाब, फार्म पॉन्ड, मिनीकिट आदि का भौतिक सत्यापन किया गया। साथ में ग्राम विकास अधिकारी, लाभार्थी किसान उपस्थित रहे।

## राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का दो दिवसीय 19 व 20 जनवरी को प्रदेश सम्मेलन डांगियावास ,जोधपुर में होगा आयोजित

**चमकता राजस्थान। किशनगढ़,!(शंकर शर्मा)।** किशनगढ़ ,राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि प्रदेश महामंत्री महेन्द्र कुमार लखारा के अनुसार संगठन का प्रदेश सम्मेलन एसएलबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज डांगियावास जोधपुर में आयोजित हो रहा है जिसमे प्रथम दिन 19.1.24को निम्बाराम जी क्षेत्र प्रचारक राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ, महेंद्र जी कपूर के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एबीएसआरएम घनश्याम जी संगठन मंत्री राजस्थान एबीएसआरम,के सानिध्य में मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह जी राठौड़ जल शक्ति मंत्री भारत सरकार,अध्यक्षता रमेश चंद्र पुष्करणा अध्यक्ष राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय तथा समापन समारोह के दूसरे दिन 20.1.24को योगेन्द्र प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ जोधपुर प्रांत मुख्य अतिथि मदन दिलावर शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार, अध्यक्षता रमेश चंद्र पुष्करणा रहेंगे। जिसमे हजारों की संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं दोनों दिन भाग लेंगी अजमेर जिले से भी सैकड़ों शिक्षक बस,निजी वाहन से पहुंचेंगे।

# साइबर हैकाथॉन 1.0 : समापन के दिन 18 वक्ताओं ने साइबर चुनौतियों व समाधान पर रखे विचार

चमकता राजस्थान

जयपुर !(खलील कुरैशी)18 जनवरी। राजस्थान पुलिस द्वारा राजस्थान अंतरराष्ट्रीय केंद्र में आयोजित दो दिवसीय साइबर हैकाथॉन 1.0 का गुरुवार को समापन हुआ। इससे पूर्व मुख्य ऑडिटोरियम एवं मिनी ऑडिटोरियम फर्स्ट में एक-एक घंटे के पांच पांच सेशन हुए। डीजी साइबर क्राइम, एससीआरबी एवं तकनीकी सेवाएं रविप्रकाश मेहरडा ने बताया कि गुरुवार को हुए 10 सेशन में 18 विषय विशेषज्ञों ने अपने विचार रखें और साइबर क्राइम की जटिलताओं, चुनौतियों, भविष्य में होने वाले खतरों आदि पर प्रकाश डालते हुए आवश्यक सुझाव दिए।

#### मुख्य ऑडिटोरियम में हुए पांच सेशन

पहला सत्र एक सफल स्टार्टअप के निर्माण में तकनीक का महत्व को डेटा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के सह संस्थापक अजय डेटा ने संबोधित करते हुए इस बात पर प्रकाश डाला की रणनीतिक रूप से प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर स्टार्टअप को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।स्टार्टअप में ऊष्मायन और त्वरण विषय पर दूसरे सत्र में जीसीईसी ग्लोबल फाउंडेशन और ब्रेविटी के संस्थापक व एसोचैम स्टार्टअप काउंसलिंग राजस्थान के अध्यक्ष परेश गुप्ता, स्टार्टअप चौपाल के संस्थापक और सीईओ सुमित श्रीवास्तव, पर्यावरण सेवा उद्योग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव शर्मा, अटल इनक्यूबेशन सेंटर बनस्थली विद्यापीठ की सहायक उपाध्यक्ष डॉ लतिका धुरिया एवं इनोवेर की निदेशक श्वेता चौधरी चर्चा करते हुए स्टार्टअप विकास को बढ़ावा देने और तेजी से ट्रैक करने की प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डाला।

तीसरे सत्र सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और काम कैसे शुरू करें विषय पर आईआईटी रुड़की से स्नातक दिव्या तेला को संबोधित कर व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीत के लिए एक रोड मेप पेश किया।डेक्सटर कैपिटल और वेंचर्स के संस्थापक देवेंद्र अग्रवाल ने चौथे सत्र धन जुटाना विषय पर जटिलताओं पर काबू पाने और चतुर रणनीतिक निर्णय लेने के प्रति अपने विचार साझा किये। पांचवा सत्र स्टार्टअप और अन्य संगठनों में प्रौद्योगिकी प्रगति के संबंध में था। स्टॉक्सहीरो के सह स्थापक कुश बीजल, ऑन ग्रिड में एसोसिएट निदेशक मुकुल सिरोही व रेंज पावर इंफ्रा के निदेशक पवन शर्मा ने वार्ता कर स्टार्टअप और स्थापित संगठनों के परिदृश्य को आकार देने वाले नवीनतम रुझानों और नवाचारों के बारे में बताया।

#### मिनी ऑडिटोरियम में इन विषयों पर हुए पांच सेशन

छठे सत्र ड्रोन में झुंड और एआई प्रौद्योगिकी विषय पर बॉट लैब डायनेमिक्स की सह संस्थापक सरिता अहलावत फार्म ने स्वार्म व एआई प्रौद्योगिकी किस प्रकार ड्रोन अनुप्रयोगों के परिदृश्य को नया आकर दे रही है के बारे में बताया। यातायात और पार्किंग समस्याओं के समाधान व स्मार्ट तरीका विषय पर सातवां सत्र था। मैकेनिकल इंजीनियर और केंद्रीय सशस्त्र बल में पूर्व डिप्टी कमांडेंट धनंजय भारद्वाज ने भीड़ और पार्किंग चुनौतियों को कम करने, टिकाऊ और कुशल परिवहन प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए स्मार्ट समाधान बताएं।आठवें सत्र में क्रिप्टो करेंसी द्वारा सुगम धोखाधड़ी विषय पर क्रिस्टल ब्लॉकचेन के इंटेलिजेंस रिसर्चर रजत अहलावत ने क्रिप्टो संबंधित धोखाधड़ी के जटिल परिदृश्य पर प्रकाश डाला। क्रिप्टोकरंसी और धोखाधड़ी की गतिविधियों के बीच अंतर को समझने में चुनौतियों और संभावित समाधानों के बारे में बताया।

नवें सत्र डीप फेक के नैतिक उपयोग, जेएएन और जेईएन एआई का अनुप्रयोग विषय पर ग्रीश्री. के फाउंडर सीईओ रजत चौधरी व एमएल प्रमुख जोरावर सिंह ने चर्चा कर इन शक्तिशाली प्रौद्योगियों के परिवर्तनकारी परिदृश्य को नेविगेट करने में जिम्मेदार अनुप्रयोगों, संभावित नुकसान और नैतिक ढांचे की अनिवार्यता पर विचार व्यक्त किये। दसवां सत्र जनरल एआई और आधुनिक दुनिया में इसका उपयोग के बारे में था। सेलेबल टेक्नोलॉजीज के वरिष्ठ डेटा वैज्ञानिक जय सतीजा ने कैसे जेनरेशन अल्फा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का संलयन हमारे वर्तमान को आकार देता है और भविष्य की भविष्यवाणी करता है पर प्रकाश डाला।

## संक्षिप्त समाचार

### अधूरे पाश्चात्य ज्ञान को पूरा करने की क्षमता संस्कृत में

● संस्कृत विश्वविद्यालय में ध्येय वाक्यों पर कार्यशाला शुरू



**चमकता राजस्थान। जयपुर।( खलील कुरैशी)।** विज्ञान के नाम अपनी श्रेष्ठता को सिद्ध करने में लगे विदेशियों का ज्ञान अधूरा है, जिसे पूरा करने की जिम्मेदारी संस्कृत विद्वानों पर है। संस्कृत में निहित रहस्यों को खोजकर उसमें निहित वैज्ञानिक पक्ष को समाज के सामने लाने के लिए संस्कृत विश्वविद्यालय को अनुसंधान करना चाहिए। यह बात राष्ट्रपति सम्मानित विद्वान प्रो. दयानद भार्गव ने जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन पर कही। विभिन्न संस्थानों और विभागों के ध्येय वाक्यों पर मंथन करने वाली राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए रैवासा पीठ के स्वामी राघवाचार्य ने संस्कृत विश्वविद्यालय में वर्षों से खाली पड़ी अनुसंधान पीठ को भरने की आवश्यकता पर जोर दिया। हवामहल विधायक स्वामी त्रिदिवसीय या कार्यशाला बालमुकुंदाचार्य ने संस्कृत भाषा को प्रोत्साहित करने के लिए युवाओं को जोड़ने की आवश्यकता बताई। कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे नवाचारों के बारे में बताया। संयोजक डॉ. शशि कुमार शर्मा ने बताया कि संगोष्ठी में डॉ. सत्यप्रकाश दुबे, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, शास्त्री कोसलेंद्रदास और डॉ. विनोद कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

### शासन सचिव कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

● महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए हर स्तर पर किए जाएंगे बेहतर प्रयास : कृष्ण कुणाल



**चमकता राजस्थान। जयपुर। (खलील कुरैशी)** महिला एवं बाल विकास शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने गुरुवार को झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित निदेशालय महिला अधिकारिता में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारी मुस्तैदी से कार्य करें। उन्होंने सौ दिवसीय कार्य योजना की प्रगति पर भी चर्चा कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।

शासन सचिव ने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुसार महिला अधिकारिता विभाग की ओर से महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए हर स्तर पर बेहतर प्रयास किए जाएंगे। शासन सचिव ने निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं ओमप्रकाश बुनकर, अतिरिक्त निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं लोकेश सहल, अतिरिक्त निदेशक जेंडर एवं प्रभारी उड़ान योजना प्रीति माथुर, वित्तीय सलाहकार निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं बी एस लाडला, वित्तीय सलाहकार महिला अधिकारिता करतार सिंह अतिरिक्त निदेशक एवं परियोजना प्रभारी डीओआईटी सोनिया चतुर्वेदी एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में उड़ान योजना की समीक्षा की।

### पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने प्रमुख सचिव शिखर अग्रवाल से रोप वे संचालन के संबंध में की मुलाक़ात



**चमकता राजस्थान। जयपुर !(खलील कुरैशी )।** गुरुवार को वीर हनुमान जी सामोद के बंद पड़े रोप वे के पुनः संचालन हेतु वन विभाग की एनओसी जारी करने के लिए पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने जयपुर में प्रमुख सचिव प्रथम शिखर अग्रवाल से मुलाकात की। पूर्व विधायक शर्मा ने बताया कि वन विभाग में भूमि डायवर्जन की फाइल लंबित होने की वजह से रोप वे का संचालन बंद लाखों लोगों की आस्था के केंद्र वीर हनुमान जी के दर्शन करने के लिए हज़ारों जारीकी संख्या में लोग आते हैं और मंदिर पर्वत पर स्थित होने की वजह से सैकडों सीढ़िया चढ़नी पड़ती है, जिस कारण असहाय और बुजुर्ग श्रद्धालुओं को दर्शन करने में परेशानी होती है। पूर्व विधायक शर्मा कि माँग पर प्रमुख सचिव शिखर अग्रवाल ने अधिकारियों से शीघ्र ही वन विभाग से भूमि डायवर्जन की एनओसी करने की बात कही।

राजस्थान विधानसभा में स्पीकर वासुदेव देवनानी की ऐतिहासिक पहल

# विधानसभा में राज्यपाल अभिभाषण से पहले हुई सर्वदलीय बैठक

## सभी दलों के सहयोग से शान्तिपूर्ण चलेगा सदन : देवनानी



चमकता राजस्थान

**जयपुर।(खलील कुरैशी)** सोलहवीं राजस्थान विधनसभा के प्रथम सत्र की पुनः बैठकें शुक्रवार 19 जनवरी से प्रारम्भ होंगी। इससे पहले गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा में सर्वदलीय बैठक बुलाई। देवनानी की राजस्थान विधानसभा में सदन चलाने के लिए सर्वदलीय बैठक का आयोजन एक ऐतिहासिक पहल है। देवनानी ने की सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सदन में सामुहिक चर्चा भी होनी चाहिए जिसमें सभी सदस्यों को बोलने का मौका मिलेगा। विधान सभा का सदन अधिक से अधिक देन चले इसके लिए सभी दलों के सभी सदस्यों को सकारात्मक सोच रखनी होगी। उन्होंने कहा कि सदन को चलाने की जिम्मेदारी सोलहवीं विधानसभा के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों की है।

सदन में राज्यपाल का होगा पूरा सम्मान राज्यपाल के अभिभाषण को सभी सदस्यों को शान्तिपूर्वक सुनने के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने आग्रह किया।

उठाये जने वाले विषयों पर जवाब भी दिलाया जाएगा।विधानसभा अध्यक्ष की राज्यपाल का पद संवैधानिक होता है। सदन में राज्यपाल का पूरा सम्मान हेना चाहिए, इसके लिए राज्यपाल अभिभाषण के समय सदन में शांति हो और प्लेकार्ड कोई भी नहीं लावें। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि सभी दलों को चर्चा के लिए नियमानुसार समय आवंटित किया जायेगा। समय सीमा में ही सदस्य अधिक से अधिक अपनी बात रखें। उन्होंने कहा कि यह दल के नेता कि जिम्मेदारी होगी कि उनके दल का सदस्य सदन में अपनी बात को आवंटित समय में ही रखने का प्रयास करे।

जनहित के मुद्दों पर बहस के लिए आवश्यकता होने पर सदन देर तक भी चलेगा देवनानी ने कहा के यह सदन जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने का पवित्र स्थल है। इस स्थल की गरिमा के साथ सार्थक चर्चा होगी। इसके लिए यदि सदन को देर तक चलाने की आवश्यकता होगी तो सदन को देर तक चलाया जायेगा। उन्होंने कहा किं समस्याओं का हल बातचीत से होता है। सदन में समस्यओं के निस्तारण का प्रयास होगा। यहां पर सदस्यों की बातों को गम्भीरता से लिया जायेगा, उनके द्वारा उठाई गई समस्याओं का निस्तारण भी किया जायेगा।

### प्रश्नों के जवाब समय सीमा में प्रस्तुत करायें जाएंगे

देवनानी ने प्रश्नों के उत्तर नहीं आने पर चिन्ता जताते हुए कहा कि अन समय पर प्रश्नों के जवाब मंगाये जायेंगे। इसके लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जायेगी की सदन में समितियों की रिपोर्ट मांगी जायेगी और आवश्यक रूप से चर्चा भी करई जायेगी। उन्होंने कहा कि सदन का प्रश्न और शून्यकाल महत्वपूर्ण होता है। इन दोनों समय में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं होना चाहिए इसके लिए सभी दलों को सोचना होगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन में स्थगन के साथ पूर्व की भांत पर्ची के माध्यम से अविलम्बनीय लोक महत्व के उठाये जाने वाले विषयों की व्यवस्था को पुनः लागू किया जाएगा। पर्ची से सदन चलाने की जिम्मेदारी पक्ष के साथ प्रतिपक्ष की भी - कांग्रेस के टीकाराम जूली ने कहा कि सदन में रखी गयी बातें को सरकार गंभीरत से ले और प्रश्नों के सदस्य भी अपनी बात समय सीमा में रखने का प्रयास करें- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सदन में अपनी-अपनी बात रखने के लिए पक्ष व प्रतिपक्ष के सभी सदस्यों को भावना एक समान होती है। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों को अपनी बात रखने का मौका मिले इसके लिए पूरे प्रयास किये जाएं। सदस्य भी अपनी बत समय सीमा में रखने का प्रयास करें।

अपील- देवनानी ने सभी दलों से अपील की है कि सदन में गरिमा में रहकर सदन मुद्दे उठायें जाए। सभी सदस्य में मर्यादा में रहकर अपनी बात रखें। अमर्यादित आचरण ना करें। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधान सभा की सुरबा की जिम्मेदारी भी हम सभो की है। दर्शकदीर्घा में आने वाले लोगों को अनुमति देलाने से पहले विधायकगण संबंधित व्यक्ति के व्यवहार का आंकलन अवशय करलें ताकि सदन में किसी प्रकार की असुरक्षा ना हो।

जवाब अगले सत्र से नहले आवशयक रूप से प्रस्तुत कराये। उन्होनें कहा कि सदन चलाने की जिम्मेदारी पक्ष के साथ प्रतिपश्व की भी है। उन्होंने अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि प्रतिपक्ष के सदस्य सदन में मर्यादापूर्ण व्यवहार से अपनी बात रखेंगे। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि राजस्थान विधानसभा में अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की यह नवीन और ऐतिहासिक पहल है। सदन संचालन में इसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम दिखाई देंगे। उन्होनें बैठक में उपस्थित होने वाले पक्ष व प्रतिपक्ष के नेतागण का आभार ज्ञापित किया। बैठक में सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, बसपा के मनोज कुमार और रालोद के डॉ. सुभाष गर्ग भी मौजूद थे।बैठक में आये महत्वपूर्ण सुझाव बैठक में सदन में पहले से चल रहो पर्ची पर बेलने की व्यवस्था को फर से लागू किये जाने, समितियों की रिपोर्ट पर बहस करये जाने, महत्वपूर्ण मुद्दों को शुन्यकाल से पहले अध्यक्ष के ध्यान में लाने और अधिकारियों की उपस्थिति को सुनिश्चित किये जाने के सुझाव आये।

## हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने 10 मुद्दों पर अधिकारियों के साथ समीक्षा की

चमकता राजस्थान



● सफाई कार्य में नागरिकों, एनजीओ, व्यापार संगठनों व आम व्यक्ति को जोड़ें,गर्व की अनुभूति करवायें

● डम्पर व हूपर पर तैनात कर्मचारियों की जियो टेगिगं लोकेशन भेजें, जेकेट व आईडी पहनवाना सुनिश्चित करे

● सख्त चेतावनी अवैध निर्माण चिन्हित करें व तोड़ें

● राजस्व में बढोतरी हेतु नगरीय विकास कर में वसूली बढ़ायें व 50 करोड़ राजस्व एकत्रित करें

**जयपुर,!(खलील कुरैशी)18 जनवरी ।** नगर जयपुर हेरिटेज आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बृहस्पतिवार को निगम की आमजन से जुड़ी सेवाओं व सुविधाओं के 10 कार्यों की समीक्षा की । सुराणा ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जोन सहित मुख्यालय के जो अधिकारी 3-3 धन्टे प्रतिदिन सफाई कार्य की मोनिटरिगं हेतु जा रहे हैं वे कर्मचारियों के साथ आमजन को सूखा व गीला कचरा अलग करने, सफाई रखने में सहयोग करने हेतु समझाईश करें, लोगों से बात करें, लायन्स क्लब, एनजीओ, रोटरी, मोहल्ला समितियों से सहयोग मांगें व उन्हें इस पुनीत कार्य में जोड़ें ताकि प्रत्येक शहरवासी को गर्व की अनुभूति हो क्योंकि कचरा व सफाई सबसे बड़ा मुद्दा है ।उन्होंने जोन उपायुक्तों व सफाई से जुड़े सभी अधिकारियों को निर्देश दिये किवे डम्पर पर तैनात कर्मचारियों की जियो टेगिगं लोकेशन भेजें, उन्होंने जेकेट या आई डी पहन रखी है या नहीं । उन्हें मोटिवेट करने के लिये वे स्वंय भी जेकेट पहन कर नेतृत्व क्षमता का परिचय दें साथ ही अपनी गाड़ी में जैकेट लेकर जायें व उन्हें मोटिवेट कर जैकेट पहनने हेतु गर्व की अनुभूति करवायें ।

आयुक्त सुराणा ने जोन उपायुक्तों के साथ-साथ सफाई कार्य की मोनिटरिगं में लगे अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी वार्ड हाजरीगाहों में बॉयोमेट्रिक मशीन चालू करवाने हेतु संबंधी कम्पनी के कर्मियों को साथ लेकर जायें । साथ ही ड्यूटी से अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन रोकें । अधिकारी यह सुनिश्चित्त करें कि हूपर्स 3 बार कचरा डिपो पर आयें व समय पर आयें । सुराणा ने नगरीय विकास कर वसूली बढ़ाते हुए 50 करोड़ अर्जित करने का लक्ष्य करने,अवैध निर्माणों को चिन्हित कर तोड़ने व इन्हें तोड़ने हेतु स्वः प्रेंरित कार्रवाई में तेजी लाने, पैण्डिग आरटीआई का निस्तारण करने, सम्पर्क पोर्टल की सभी परिवेदनाओं का शीध्र निस्तारण करने,कॉल सेन्टर पर आने वाले परिवेदनाओं का निस्तारण करने, सीवर संबधी शिकायतें दूर करने, 22 जनवरी को छोटे बड़े सभी मंदिरों पर सजावट, रोशनी व सफाई करवाने,रियायती दरों वाले पट्टों का कार्य जारी रखने, एनुवल रेट कान्ट्रेक्ट की दरों का कार्य 4 माह पहले करने, आगामी वर्षा ऋ्तु से पहले नालों की सफाई व बाढ़ नियत्रंण कक्ष आदि सबंधी आवशयक कदम उठाने, लम्बित पट्टों की पत्रावलियों का निस्तारण करने, अनुकम्पा नियुक्ति संबधी प्रकरणों का परीक्षण कर शीध्र निस्तारण करने व आगामी 26 जनवरी की तैयारियां आदि करने के निर्देश दिये ।

### बैठक में ये रहे मौजूद

» बैठक में उपायुक्त सतर्कता एस0के0 मेहरानियां, अतिरिक्त आयुक्त करतार सिंह,उपायुक्त मनीषा यादव, पूजा मीणा,नूर मोहम्मद, संजु पारीक, सरोज ढाका, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 सोनिया, उप निदेशक, जन सम्पर्क मोती लाल वर्मा सहित सभी शाखाओं के प्रभारी, अधिशाषी अभियन्ता, नगर नियोजक आदि उपस्थित थे ।

### पुराने रेलवे स्टेशन किशनगढ़ पर अंडरपास हेतु निर्मित आर. सी.सी.बॉक्स लगाने के लिये लॉन्चिग कार्य अगले माह होगा शुरु रेलवे सलाहकार समिति सदस्य : महेंद्र पाटनी



**चमकता राजस्थान। किशनगढ़,! (शंकर शर्मा)।** मदनगंज-किशनगढ़ , रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य महेंद्र पाटनी ने अवगत कराया कीकिशनगढ़ पुराने रेलवे स्टेशन परिसर में अंडरपास निर्माण कार्य हेतु निर्मित आर .सी. सी. के बॉक्स आदि लगाने हेतु फरवरी के प्रथम सप्ताह में लांचिंग की तैयारीयां की जा रही है 'उत्तर पश्चिम रेलवे के अतिरिक्त मुख्य परियोजना अधिकारी पवन कुमार ने रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य भाजपा नेता महेंद्र पाटनी को बताया कि प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के अधीन चल रहे किशनगढ़ के पुराने रेलवे स्टेशन परिसर में अंडरपास निर्माण के लिए तैयार सारे आर.सी.सी.के बॉक्स आदि लगाने हेतु रेलवे व डी. एफ. सी. क्षेत्र के दोनों ओर की लांचिंग के साथ ही अंडरपास क्षेत्रीय जनता के लिए आवाजाही हेतु लोकार्पित हो जाएगा 'लॉन्चिग से पूर्व की तैयारी के लिए आज आये पुराने स्टेशन परिसर में उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के सहायक परियोजना तकनीक अधिकारी संजय पूनिया ने सलाहकार समिति के सदस्य महेंद्र पाटनी के साथ मौके का अवलोकन व चर्चा करते हुए शीघ्र लॉन्चिग कार्य करने का भरोसा दिलाया तथा इस दौरान मौजूद अंडरपास निर्माण करने वाले ठेकेदार प्र''ाद शर्मा को तकनीकी अधिकारी पूनिया ने आवशयक दिशा निर्देश दिएपाटनी ने बताया कि फुलेरा स्टेशन के अंडरपास पैटर्न नुमा ही हमीर कॉलोनी से मदनगंज चौराहे को जोड़ने वाला अंडरपास किशनगढ़ पुराने स्टेशन की 266/ 01 किलोमीटर रेलवे सीमा के पास 5.,00मीटर चौड़ा तथा 2.50 मीटर ऊंचाई के मौके पर तैयार किए गए आर.सी.सी. बॉक्स से बनाया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के आमजन को एक अन्य लिंक मार्ग से आने जाने की भारी सुविधा उपलब्ध होगी'।

## आयुक्त ने सिविल लाईन जोन के सिविल कार्यों का 4 धन्टे तक निरीक्षण किया व मौके पर सफाई करवाई

# अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में जयपुर में महादीपोत्सव की तैयारियां जोरों पर

चमकता राजस्थान



● हेरिटेज महापौर ने खोले के हनुमान जी मंदिर में 2 घंटे तक श्रमदान किया

**जयपुर!(खलील कुरैशी)18 जनवरी** ।अयोध्या में मर्यादापुरूषोतम भगवान श्री राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 22 जनवरी को जयपुर शहर में व अलबर्ट हॉल पर मनाये जाने वाले महादीपोत्सव के मध्येनजर नगर निगम ने अपनी तैयारियां जोर शुरू से शुरू कर रखी हैं ।हेरिटेज निगम ने 14 जनवरी से विशेष सफाई अभियान शुरू किया है इसके तहत शहर के सभी प्रमुख मंदिरों, गुरूद्वारों पर भव्य सजावट व रोशनी और साफ सफाई करवाई जा रही है । इसके तहत महापौर मुनेश गुर्जर, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, सिविल लाईन विधायक गोपाल शर्मा, हवामहल विधायक बालमुकंदाचार्य, पार्षदगण, आयुक्त अभिषेक सुराणा, जयपुर व्यापार महासंध के अध्यक्ष सुभाष गोयल की अगुवाई में अनेक व्यापार मंडल, समाज सेवी व स्थानीय जन प्रतिनिधि प्रतिदिन 2 धन्टे के लिये मंदिरों के अन्दर व बाहर श्रमदान कर सफाई कर रहे हैं । इसी क्रम में नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा भी नहर के गणेश जी में व आस-पास स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ श्रमदान कर चुके हैं।

हेरिटेज निगम के आयुक्त अभिषेक सुराणा भी प्रतिदिन सिविल कार्यों व सफाई कार्यों का प्रतिदिन 3 से 4 धन्टे ओर कभी कभी 7-8 धन्टे दौरा कर व्यवस्थाएं सुधरवां रहे हैं व सफाई कार्य को गति दिला रहे हैं । महापौर ने खोले के हनुमान जी में श्रमदान किया इसी कड़ी में गुर्जर ने बृहस्पतिवार को जहॉ सुबह खोले के हनुमान जी मंदिर में पार्षद सुरेश नावरिया, इन्द्राज नैनीवाल, महेन्द्र पहाड़िया, उपायुक्त स्वास्थ्य नूर मोहम्मद , उप निदेशक, जन सम्पर्क मोती लाल वर्मा व मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डा0 सोनिया सहित निगम कर्मचारियों के साथ 2 धन्टे तक श्रमदान किया व शहरवासियों को महादीपोत्सव से पहले प्रतिदिन 2 धन्टे अपने धरों व आस-पास के स्थानों व धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गुर्जर ने पूजा अर्चना कर सफाई कार्य की शुरूआत की व मंदिर के पुजारी को महादीपोत्सव हेत दीपक किट भेंट की । इसके बाद उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ फर्श, चौके व आंगन झाडू लगा कर साफ किये व डस्टबिन, झाड़ू, वाईपर भी मंदिर प्रबधक को सोंपे ।

गुर्जर ने मंदिर के पुजारियों से समस्याएं पूछी तो उन्होंने सीवर खराब होने व साफ न होने और पेड़ों की छंटाई करवाने की मांग की । इस पर श्रीमती गुर्जर ने उपायुक्त स्वास्थ्य को आवशयक कदम उठाने के निर्देश दिये।आयुक्त सुराणा ने बृहस्पतिवार को अधिशाषी अभियन्ता सिविल दिनेश गुप्ता को साथ लेकर सिविल लाईन जोन के सिविल कार्यों का लगभग 4 धन्टे तक निरीक्षण किया । इस दौरान सुराणा ने गुर्जर की थड़ी से सिविल लाईन विवेक विहार मेट्रो स्टेशन नन्दपुरी वार्ड 48 व हसनपुरा ईलाके में मौके पर सीएसआई व एसआई को बुला कर सफाई करवाई ।

## संक्षिप्त समाचार

### बाड़ी पुलिस कोतवाली पर सीएलजी के सदस्यों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों के साथ डीएसपी महेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशन में बैठक का आयोजन

**चमकता राजस्थान। धौलपुर !(रामदास तरुण)।** दिनांक :-18/01/2024 को बाड़ी कोतवाली परिसर में सीएलजी सदस्य एवं शहर के गणमान्य व्यक्तियों के संयुक्त तत्वावधान में ऊरढ महेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशन में बैठक का आयोजन किया गया! आज की बैठक में सीएलजी सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि शहर में बढ़ाती चोरी की घटनाओं, ट्राफिक व्यवस्था, रेल्वे स्टेशन पर दारू बाजों का आतंक के कारण आने- जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है! आगामी दिनांक :- 22/01/2024 को भगवान राम की दिव्य - भव्यता के साथ शोभायात्रा एवं कलश यात्रा का आयोजन पूरे शहर में किया जाएगा! और शहर की छोटी-मोटी समस्याओं से भी अवगत कराया गया! इसी बीच महेंद्र कुमार उपाधीक्षक द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए पुलिस थाना प्रभारी को निर्देश दिए! कार्यक्रम के मौके पर होताम सिंह चेयरमैन प्रतिनिधी, ज्वान सिंह मीना, अहमद जमा खां 22 चेयरमैन, सुरेंद्र सिंह परमार, जगन्नाथ कोली, नरेंद्र गोयल, विष्णु महेरे, धर्मेंद्र विधौलिया पत्रकार, रामदास तरुण पत्रकार, रोहित वर्मा, मन्नू, आशुतोष शर्मा, सुनील बंसल, जगदीश सागर रक् राजेन्द्र गिरी माता मंदिर चौकी इनचार्ज बाड़ी , परशोतम शर्मा गुमट चौकी इचार्ज, एवं पुलिस प्रशासन वं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे!

### चौमूं विधायक डॉ.शिखा मील बराला ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं के निवारण लेकर कलक्टर से की भेंटवार्ता



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** ।चौमूं-कालाडेरा, रेनवाल रोड पर टोल प्लाजा के चालू करने को लेकर दिए जा रहे धरने के बीच विधायक डॉ. शिखा मील बराला गुरुवार को जयपुर पहुंचकर जिला कलक्टर से मिली और टोल संचालन को लेकर चर्चा करते हुए ग्रामीणों की मांग से अवगत कराया। विधायक डॉ. बराला ने कलक्टर से चर्चा करते हुए कहा कि चौमूं- रेनवाल सड़क पर टोल प्लाजा चालू किया जा रहा है। लोग धरने पर बैठे है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांगवाजिब है। पहले प्रस्तावित हाड़ौता-टांकरड़ा निर्माणाधीन सड़क का कार्य पूरा किया जाए। टोल प्लाजा के आसपास के कई गांव टांकरड़ा, जयसिंहपुरा, कालाडेरा, विमलपुरा, घिनोई, मंडा-भिंडा, डोला का बास आदि गांवों में लोग किसान वर्ग से हैं, जिन्हें चौमूं शहर व रेनवाल आना जाना पड़ता है। किसानों को अपने खेतों में आने-जाने के लिए एवं टोल प्लाजा के 20 किमी की परिधि में आने वाले गांवों को टोल फ्री किया जाए। साथ ही सामोद वीर हनुमान धाम पर बंद पड़े रोपवे को भी चालू कराए जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि रोप वे के बंद होने से असहाय लोगों को सीढ़िया चढ़ने में परेशानी आती है।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी - पालीवाल

- **आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेमासिंह की पुत्री सृष्टि के जन्मदिवस पर पुलिस थाना परिसर बाप में किया पौधरोपण**



**चमकता राजस्थान। बाप!(कविकान्त खत्री)।** अक्सर हम देखते हैं कि आज के युवा अपने जन्मदिवस पर पार्टी करके फिजूल खर्ची करते हैं। वही बाप के तेलियो की ढाणी में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेमा सिंह की पुत्री सृष्टि खड़गा ने गुरुवार को अपने जन्मदिवस पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पुलिस थाना बाप परिसर में पौधरोपण कर अनूठी मिसाल पेश की। इस मौके बोलते हुए पूर्व सरपंच किशनलाल पालीवाल ने कहा कि वृक्ष विधाता की तरह हम सभी के जीवन दाता हैं। वृक्षों के बिना धरती पर जीवन संभव नहीं है। वृक्ष धरती के श्रृंगार हैं। पालीवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी है। हम सभी को अपने अपने घरों में आयोजित होने वाले खुशी के मौकों पर अधिक से अधिक पौधरोपण कर धरती को हरा भरा बनाने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके भंवरलाल डारा, हेमलता पुरोहित, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हीरा देवी, चाहत, राजेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे। इसके अलावा राजकीय प्राथमिक विद्यालय तेलियों की ढाणी में अध्यनरत विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री भी वितरित की गई।


साधारण सभा में बिना चर्चा के पास हुए बजट को बताया अलोकतांत्रिक

# ग्रेटर निगम का बजट पास, डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावट ने किया विरोध

चमकता राजस्थान

**जयपुर।( खलील कुरैशी)।** ग्रेटर नगर निगम जयपुर की साधारण सभा की बैठक में बजट पेश किया गया बजट हंगाने की भेंट चढ़ गया। डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावट ने बिना चर्चा के बजट पास करने पर सवाल खड़े किए और इसे अलोकतांत्रिक बता दिया।

दरअसल, वित्तीय समिति की अध्यक्ष शील धाबाई के बजट पेश किया। इसके बाद बजट को पास किया जाना था, लेकिन बीजेपी के डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावर ने ही सवाल खड़े कर दिए। कर्णावट ने सदन में बोलते हुए कहा कि बिना चर्चा के बजट पास करना अलोकतांत्रिक है। पिछली 2 बार से हम बजट पास नहीं कर पा रहे हैं। आज जब मौका मिला है और इस तरह अलोकतांत्रिक तरीके से बिना चर्चा किए बजट को पास करना राम



राज्य की स्थापना के खिलाफ है। कर्णावट ने कहा कि वित्त समिति की बैठक में बजट पर चर्चा कर लेने का बीजेपी के ही पार्षद लक्ष्मण ने विरोध जताते हुए कहा कि चर्चा के बाद ही बजट को यहां रखा गया है। डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावट ने सदन में सफाई की रैंकिंग का भी मुद्दा उठाया और कहा कि पिछले दिनों हमारे शहर की रैंकिंग आई,उसको लेकर हमें शर्म तक नहीं हैं, हम लगातार पिछड़ते जा रहे हैं। हम सफाई पर 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम खर्च करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इंदौर भी हमारे जैसा ही शहर है, लेकिन वह पिछले चार-पांच साल से पहले दूसरे नंबर पर हैं और हम लगातार पिछड़ते जा रहे हैं।

मेयर देरी से आई, 30 मिनट बाद शुरू हुई साधारण सभा मेयर सौम्या गुर्जर के देरी से आने के कारण पार्षद और अधिकारी उनका इंतजार करते रहे। 2 बजे प्रस्तावित बैठक 2 बजकर 30 मिनट पर शुरू हुई। बैठक शुरू होते ही पूरे सदन में जय श्रीराम के नारे लगे। इसके बाद दिवंगतों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई और सदन को 15 मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया। मेयर ने बैठक की शुरुआत

रामायण के श्लोक से की। मेयर ने श्लोक पढ़ने के बाद जयपुर में भी रामराज्य की स्थापना करने की बात कही। उन्होंने 22 जनवरी को होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का जिक्र करते हुए उसके लिए निगम प्रशासन की ओर से किए जा रहे कामों और आयोजनों के बारे में बताया।


विजिलेंस टीम की अवैध वसूली पर सदन में हंगामा नगर निगम की बैठक में विजिलेंस टीम की कार्यशैली में सुधार करने की मांग को लेकर सभी पार्षदों ने हंगाना किया। डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावत, पार्षद गोविंद, अभय पुरोहित, जितेंद्र श्रीमाली ने विजिलेंस टीम के सीआई विजेंद्र पूनिया और उनके निचले स्टाफ विक्रम समेत अन्य पर शहर में हो रहे छोटे-छोटे निर्माण से अवैध वसूली करने के आरोप लगाए। इसके अलावा शहर की दुकानों से मिठाइयों के डिब्बे पैक करवा कर उनके पैसे नहीं देने के आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। आज सदन में पहली बार ऐसा देखने को मिला, जब बैठक शुरू होने के दौरान शहर का एक भी विधायक-सांसद मौजूद नहीं रहा। विधायक की जगह उनके प्रतिनिधि बैठे नजर आए। विधायक सीट पर तीन व्यक्ति बैठे नजर आए, जो विधायक दीया कुमारी के प्रतिनिधि हैं। सूत्रों के मुताबिक विधायक के ओएसडी हनुमान सिंह, निजी सहायक विकास चौधरी और स्टाफ के सदस्य रामचरण शर्मा (रिटायर्ड आरएएस) विधायक-सांसद कुर्सी पर बैठे नजर आए।मतलब यह नहीं है कि पूरी साधारण सभा ने उसे पर अपने विचार रख दिए।

## ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती हसन रहमतुल्लाह अलैह अज़मेर दरगाह का 812 वां उर्स : छोटे कुल की रस्म अदा

### आम जायरीन के लिए खुला जन्नती दरवाजा बंद, जुमे की नमाज आज, बड़े कुल रस्म 21 को

चमकता राजस्थान

अजमेर। सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 812वें सालाना उर्स की छह रजब यानी गुरुवार को छोटे कुल की रस्म अदा हुई। ख्वाजा साहब की मजार का अंतिम शाही गुस्ल के साथ ही जायरीन ने दरगाह की बाहरी दीवारों को गुलाब व केवड़ा जल से धोकर कुछ के छींटे लगाने की रस्म अदा की। छोटे के कुल की रस्म के साथ उर्स संपन्न हुआ और जायरीन के लौटने का सिलसिला शुरू हो गया। आम जायरीन के लिए खोला गया जन्नती दरवाजा भी बंद कर दिया गया। बड़े कुल की रस्म 21 जनवरी को होगी। इसके साथ ही विधिवत उर्स का समापन होगा। सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के 812वें उर्स में छह रजब यानी गुरुवार को दरगाह में छोटे कुल की रस्म अदा की गई। कुल की रस्म में शामिल होने के लिए जायरीन का सैलाब उमड़ पड़ा। महफिल खाने में कुरानख्वानी हुई। दरगाह के शाही कव्वाल अमजद ने रंग और बधावा पढ़े। दोपहर 1 बजे फातेहा पढ़ी गई। दरगाह दीवान जैनुल आबेदीन अली को खिलकत पहनाकर दस्तारबंदी की। दीवान ने आस्ताना शरीफमें पहुंचकर कुल की रस्म अदा की।



#### जायरीन के लिए खोला गया जन्नती बंद

» जायरीनों के लिए खोला गया जन्नती दरवाजा बंद कर दिया गया। आस्ताना शरीफ सुबह करीब 9 बजे कुल की रस्म के लिए आम जायरीन के लिए बंद किया गया। खुद्दाम ए–ख्वाजा ही आस्ताना में रहे। एक–दूसरे की दस्तारबंदी की। अंजुमन की ओर से कव्वालियों के साथ चादर पेश की गई।दरगाह दीवान सैयद जैनुअल आबेदीन महफिल खाने से आस्ताना में पहुंचे, जहां उन्होंने कुल की रस्म अदा की। इस दौरान कलंदर नाचते–गाते महफिल खाने पहुंचे। परम्परानुसार दीवान की गद्दी पर बैठकर दागोल की रस्म अदा की कलंकदरों ने हैरतअंगेज कारनामे भी दिखाए।

#### जायरीन का वापस घर लौटना हुआ शुरू

» उर्स में छोटे कुल की रस्म के साथ ही जायरीन का लौटना शुरू हो गया। देश के अन्य राज्यों यूपी, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, पंजाब, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजराज से आए जायरीनों ने बाजारों में सामान की खरीदारी की और अपने अपने गतंव्य स्थान के लिए लौटना शुरू हो गए।ख्वाजा साहब के उर्स के मौके पर शुक्रवार को जुमे की नमाज अदा की जाएगी, जिसमें देश के अन्य राज्यों से आए जायरीन भी शामिल होंगे।खादिमों की ओर से सुबह करीब 11 बजे आस्ताना शरीफ में फरियाद पढ़ी गई, जिसमें देश में अमन–चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी।

#### परंपरागत गुसल की रस्म होगी अदा

» परम्परानुसार छठी की रस्म के दौरान बड़े कुल की रस्म 21 को: ख्वाजा साहब के उर्स का समापन 21 जनवरी को बड़े कुल की रस्म अदायगी के साथ होगा। इस मौके पर खादिमों द्वारा मजार शरीफ को गुसल दिया जाएगा, साथ ही दरगाह के प्रत्यक हिस्सो को जयरीन द्वारा गुलाब जल से धोया जाएगा। इस रस्म के साथ ही ख्वाजा साहब के 812वां उर्स का विधिवत समापन हो जाएगा।

### टीकाराम जूली को नेता प्रतिपक्ष और गोविंद सिंह डोटासरा के अध्यक्ष पद पर पुनः मनोनीत होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया

- **गोविन्द सिंह डोटासरा के अध्यक्ष पद पर पुनः मनोनीत होने तथा श्री टीकाराम जूली को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया**



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय जयपुर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के अध्यक्ष पद पर पुन-मनोनीत होने तथा टीकाराम जूली को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय जयपुर पर स्क्रीनिंग कमेटी की चेयरपर्सन सांसद रजनी पाटिल, राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, समिति के सदस्य पंजाब के पूर्व मंत्री परगट सिंह व एआईसीसी के सह सचिव कृष्ण अल्लावुरू ने प्रदेश के सभी जिलों से आये हुए प्रमुख कांग्रेजसनों से मुलाकात कर लोकसभा चुनावों हेतु फीडबैक एवं सुझाव प्राप्त किए। समिति द्वारा लोकसभा चुनाव लडने के इच्छुक कांग्रेस नेताओं के आवेदन भी प्राप्त किए तथा क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं से चुनाव की रणनीति बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए।

### प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक स्वास्थ्य योजना का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें - डॉ भाटी

- **बीसीएमओ कार्यालय में खंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित, अनुपस्थित व कम प्रगति वाले कार्मिकों को दिए नोटिस**

**चमकता राजस्थान। बाप!(कविकान्त खत्री)।** चिकित्सा विभाग की खंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन खंड कार्यालय सभागार में बीसीएमओ डॉ पर्वतसिंह भाटी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बीसीएमओ डॉ भाटी ने बैठक में उपस्थित सभी चिकित्सकों, सुपरवाइजर, लेखाकार, सीएचओ, एएनएम, डीईओ व आशाओं को ग्रामीण स्तर पर चिकित्सा सुविधा बेहतर करने के लिए सजगता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की आमजन के स्वास्थ्य को लेकर चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र तक पहुंचाना ही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। कार्मिकों को सभी लाभार्थियों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश के साथ लक्षय अनुरूप कार्ड नहीं बनाने वाले कार्मिकों के खिलाफ कार्यवाही की भी बात कही। डॉ भाटी ने बीपीएम अशोक छिपा के साथ खंड के सभी सेक्टरों के एएनसी पंजीयन, एएनसी ड्रॉप आउट, एचबीएनसी, एएनएम वर्क प्लान, टीकाकरण, मिसिंग डिलीवरी, जेएसवाई, आरएसवाई, परिवार नियोजन सहित कई स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की, जिसमें शत प्रतिशत लक्षय अनुसार कार्य पूर्ण करने के लिए कार्मिकों को पाबंद किया तथा पीसीटीएस एप जिसमें गुणवत्तापूर्ण आंकड़ों को समय पर ऑनलाइन इंद्राज कर उनका विश्लेषण करने की भी बात कही। उन्होंने सेक्टर के चिकित्सा प्रभारी को सेक्टर मीटिंग प्रभावी तरीके से करने व कार्मिकों के ऑनलाइन डाटा इंद्राज करने से पूर्व उनका विश्लेषण कर कार्रवाई करने के लिए भीं कहा। जिस सेक्टर की उपलब्धि लक्षय अनुरूप नहीं पाई गई उनको आगामी बैठक से पहले लक्षय प्राप्त करने के निर्देश दिए। भाटी ने अनुपस्थित कार्मिक डॉ गणपतलाल, डॉ बाबूलाल, डॉ राकेश, सुपरवाइजर भगवान सहाय, एएनएम सरोज भडला, मनीषा देदासरी को कारण बताओं व कम प्रगति रिपोर्ट वाले लापरवाह कार्मिकों को भी नोटिस देने को कहा। बैठक में डॉ प्रेम ग्वाला, डॉ जितेंद्र सारण, बीएचएस प्रेम पालीवाल, लेखाकार भूपराज, लक्ष्मण कुमार, आरिफ, पीएचएस गणेश कुमावत, डीईओ रईस, हेतराम विश्नोई, बंसीलाल मेघवाल सहित कई सीएचओ, एएनएम व आशा उपस्थित रही।

देश, प्रदेश व समाज की तरक्की और खुशहाली के लिए काम करने पर दिया बल

# सूफिज्म को बढ़ावा देने और देश की खुशहाली की मांगी दुआएं

चमकता राजस्थान

जयपुर।( खलील कुरैशी)सुन्नी दावते इस्लामी जयपुर का एक दिवसीय इज्तिमा राजधानी में गुरुवार को चांदपोल बाजार, तोपखाने का रास्ता स्थित मस्जिद एक मिनार के पास आयोजित किया गया। जिसमें देशभर से आए इस्लामी विद्वानों ने अपने विषय पर व्याख्यान (तकरीरें) दिए। इस मौके पर विभिन्न वक्त-ाओं ने देश में सूफिज्म को बढ़ावा देने तथा हज़रत ख्वाजा मुईनुद्दीन हसन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह की शिक्षाओं पर अमल करते हुए उन्हें प्रचारित व प्रसारित करने पर बल दिया। वहीं देश, प्रदेश व समाज की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआएं की गई।

इज्तिमा में मुख्य अतिथि हजरत मौलाना मुहम्मद शाकिर अली नूरी ने ख्वाजा गरीब नवाज की जीवनी पर प्रकाश डाला। वे बोले-कुरान मजीद व गरीब नवाज की सोच, पूरी जिंदगी ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती ने कुरान की तालीम को आम करने, इंसानियत और अमन व शांति के लिए सूफिज्म यानि सूफी बुजुर्गों की तालीम का प्रचार किया।अल्हाज मौलाना सय्यद अमीनुल कादरी ने इस्लाम की बुनियादी व अखलाकी तालीम को आम करना व समाज में मॉडर्न व दुनियावी तालीम में जागरुकता लाए जाने पर बल दिया। वहीं जोधपुर से आए नूरुल मशाइख हजरत मौलाना सय्यद नूर मियां ने समाज में फैली बुराईयों पर के खिलाफ अभियान चलाकर इन पर अंकुश लगाया जाए। नशा मुक्त अभियान द्वारा युवा वर्ग में फैल रही नशे व जुआ की लत को समाप्त किया जाए।



- **सूफी विचार व औलिया अल्लाह की शिक्षा को दें बढ़ावा : कादरी**

» अल्हाज मौलाना सय्यद मुहम्मद कादरी साहब ने कहा–हिंदुस्तान सूफी विचार धाराओं, औलिया अल्लाह वाजा गरीब नवाज के मानने वालों का है। इसमें सूफी विचार व औलिया अल्लाह की सुफिज्म शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने नौजवानों को माता–पिता का आज्ञाकारी बनकर जीवन यापन करने का आहवान किया। खतीबे मारवाड़ हजरत मौलाना इदरीस रजा ने नौजवानों को समाज सेवा के कामों के लिए जारूक करने, देश, प्रदेश व समाज की तरक्की और खुशहाली के लिए हर संभव प्रयास करने पर बल दिया।

- **मुफ्ती-ए-शहर जयपुर ने की सदारत**

» इज्तेमा हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रजवी साहब मुफ्ती–ए–शहर जयपुर की अध्यक्षता में हुआ। इसकी सरपरस्ती हजरत मौलाना कारी अंजार आलम साहब ने की। कार्यक्रम संयोजक मौलाना सैयद मोहम्मद कादरी व मस्जिद एक मिनार नौजवानाने मोहल्ला कायमखानियान के मोहम्मद रफीक ने सभी अतिथियों का इस्तकबाल किया। वहीं मोहम्मद रफीक ने सभी आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। सलातो सलाम दुआ के साथ इज्तिमा का समापन हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस चुनावी मोड़ पर लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव समिति की पहली बैठक संपन्न




(अत्री कुमार दाधीच )चमकता राजस्थान। जयपुर, 18 जनवरी। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों हेतु आज पीसीसी वॉर रूम में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में प्रदेश चुनाव समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राजस्थान प्रदेश हेतु नियुक्त स्क्रीनिंग कमेटी की चेयरपर्सन सांसद श्रीमती रजनी पाटिल, राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा, एआईसीसी के महासचिव सचिन पायलट, कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य महेन्द्रजीत सिंह मालवीय, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली व समिति सदस्य पंजाब के पूर्व मंत्री परगट सिंह व एआईसीसी सह सचिव कृष्णा अल्लावुरू भी शामिल हुए। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में राजस्थान प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में प्रत्याशी चयन से लेकर चुनाव के लिए रणनीति पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई जिसमें सभी उपस्थित समिति सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे।
राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि उपरोक्त बैठक के पश्चात प्रदेश समन्वय समिति की बैठक हुई तथा लोकसभा चुनाव हेतु प्रदेश के सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नियुक्त कॉर्डिनेटर के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा सहित वरिष्ठ नेताओं ने चर्चा एवं मंथन कर निश्चित फार्मेट में फीडबैक प्राप्त किया व आगामी चुनाव हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।

### देवस्थान मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने विभाग के अधिकारियों की ली बैठक -राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर दिया बल

**चमकता राजस्थान। जयपुर, 18 जनवरी 2024।** देवस्थान, पशुपालन, मत्स्य और गोपालन मंत्री श्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में गुरुवार को देवस्थान विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री कुमावत ने विभाग की विभिन्न योजनाओं और आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए।



श्री कुमावत ने आगामी 100 दिन की कार्ययोजनाओं पर चर्चा करते हुए राज्य मे धार्मिक पर्यटन को विकसित करते हुए पर्यटन मंत्री की मौजूदगी में पर्यटन एवं देवस्थान विभाग के साथ मिलकर विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश प्रदान किए।
इस अवसर पर उन्होंने अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विशेष सजावट करने वाले मंदिरों को उपखण्ड, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर सम्मानित करने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर राज्य के सभी छोटे, बड़े मंदिरों की अच्छी सजावट की जाए। साथ ही आमजन को अपने घरों में विशेष सजावट करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग्स और बैनर भी लगाए जाएं। देवस्थान मंत्री ने राजकीय मंदिरों की मरम्मत और देखरेख तथा विभिन्न निर्माण कार्य हेतु देवस्थान विभाग में अभियंताओं और अन्य संबंधित अधिकारियों के पद सृजित करवाने के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश भी दिए।

### पूर्व विधायक सुरेश टाक अराई क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में शोक संतप्त परिवार वालों से मिलकर बंधाया ढाढस एवं करी जनसुनवाई

**चमकता राजस्थान। किशनगढ़,!(शंकर शर्मा)**। पूर्व विधायक सुरेश टाक ने विगत दिवस ब्लॉक अराई के दादिया,झाड़ोल, गोठियाना, अराई, भामोलाव,भावसा, देवपुरी सहित अन्य गांवों का दौरा कर क्षेत्रवासियों के हालचाल जाने व आमजन से मेल मुलाकात की व शोक संतप्त परिवार को सांत्वना प्रदान की एवम सभी जगह लोगों की जन समस्याएं सुनी श्री टांक के साथ मे सरपंच झाड़ोल चेतन सकलेचा, गोठियाना सरपंच पुखराज कलवार, शंकर सिंह देवपुरी, पंचायत समिति सदस्य सुरेश जोगी, शिवराज दमामी, अध्यक्ष भीम राव अंबेडकर समिति तहसील अराई कैलाशचंद जाबडोलिया,राजेन्द्र कालाणी, महावीर शर्मा, शंकर बैरवा सहित ग्रामीण ग्रामीण मौजूद रहे।

साढे छियालीस बीघा भूमि पर पांच अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

# जयपुर विकास प्राधिकरण ने दिया नवीन अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई को अंजाम

## एक बीघा सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

**चमकता राजस्थान**

जयपुर!(खलील कुरैशी)18 जनवरी। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-09 में ग्राम बिधानी जीरोता में करीब 01 बीघा सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त एवं निजी खातेदारी करीब 6.5 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंम्भिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। साथ ही जोन-11 में निजी खातेदारी करीब 40 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंम्भिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया।
मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-09 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बिधानी जीरोता जिला जयपुर में करीब 01 बीघा जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि खसरा नं. 02/862 व खसरा नं. 737 में पर कब्जा-अतिक्रमण कर बनाई गई दीवार, बाउण्ड्रीवाल, 06 अवैध दुकानें व अन्य अवैध निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होते ही आज जोन-09 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जविप्रा स्वामित्व की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे-अतिक्रमण करने के संबंध में संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही बाबत उक्त सरकारी भूमि को संरक्षित व सदुपयोंग करने के संबंध में उपायुक्त जोन-09 को पत्र लिखा गया है।
जेडीए द्वारा जोन-09 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बिधानी जिला जयपुर में करीब 1.5 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''जानकी नगर'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल, घुमटी व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-09 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-09 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित कान्नडवास गोनेर जिला जयपुर में करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाये गयी मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, सीमेन्ट के पील्लर गाडकर व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-09 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाही उप नियंत्रक प्रवर्तन-चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-09,10,14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।
जेडीए द्वारा जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम-सारंगपुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर में करीब 08 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम-टीलावास तहसील सांगानेर जिला जयपुर में करीब 10 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, सीमेन्ट के ब्लॉक बिछाकर व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।
इसी प्रकार जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम-बगरूकलां तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में करीब 22 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें सीमेन्ट के ब्लॉक की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाही उप नियंत्रक प्रवर्तन-तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-11, पी.आर.एन.(नोर्थ) तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

# स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस ने अजमेर में दावों के निपटान के लिए किया 3.5 करोड़ रुपये का भुगतान

अप्रैल 2023-नवंबर 2023 के बीच बीमाकर्ता ने 3.5 करोड़ रुपये के दावों का भुगतान किया

**चमकता राजस्थान**

**अजमेर, 17 जनवरी 2024:** भारत के अग्रणी स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता, स्टार हेल्थ एंड अलाइड इंश्योरेंस ने घोषणा की है कि उसने पिछले 8 महीनों के दौरान, यानी अप्रैल 2023- नवंबर 2023 के बीच अजमेर में 3.5 करोड़ रुपये के दावों का निपटान किया। कंपनी ने नेटवर्क अस्पतालों के लिए दावा निपटान के तौर पर 3.2 करोड़ रुपये और क्षेत्र के गैर-नेटवर्क अस्पतालों को दावा निपटान के तौर पर 38 लाख रुपये का भुगतान किया।
स्टार हेल्थ ने अजमेर में कैशलेस दावा निपटान में 3 करोड़ रुपये और प्रतिपूर्ति (रिइम्बर्स्मेंट) दावा निपटान में 50 लाख रुपये से अधिक का भुगतान किया। कंपनी ने ग्राहकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को कायम रखते हुए सभी कैशलेस दावों का निपटारा 2 घंटे के भीतर कर दिया। ज्यादातर मामलों में, कैशलेस उपचार के लिए प्रारंभिक ऑथराइज़ेशन 2 घंटे के भीतर दिया गया। कंपनी ने दावा प्रस्तुत करने के 7 दिनों के भीतर रिइम्बर्स्मेंट दावों का भुगतान करने का प्रयास किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्राहकों को रिइम्बर्स्मेंट के ज़रिये भी निपटान में परेशानी का सामना न करना पड़े।
अजमेर में अप्रैल 2023 से नवंबर 2023 के बीच 8 महीनों के दौरान अधिकांश दावे सर्जिकल उपचार के लिए थे, जिसके लिए कुल 2 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। दावों के निपटान में चिकित्सा उपचार के लिए 1.5 करोड़ रुपये का भुगतान शामिल रहा। अजमेर में भुगतान किए गए कुल दावों में से, महिलाओं द्वारा किए गए दावों के लिए 5 करोड़ रुपये, जबकि पुरुषों द्वारा किए गए दावों के लिए 6 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया।

- **स्टार हेल्थ ने अजमेर में कैशलेस दावा निपटान के तौर 3 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया**
- **अप्रैल 2023 से नवंबर 2023 के बीच स्टार हेल्थ ने पूरे देश में लगभग 11 लाख दावों का निपटान किया और इसके लिए कुल 5600 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का भुगतान किया**

स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मुख्य दावा अधिकारी, श्री सनथ कुमार के ने दावा निपटान पर अपनी टिप्पणी में कहा, ऱ्हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अजमेर में, स्टार हेल्थ ने दावों का निपटान करने और कैशलेस उपचार को मंजूरी देने में तेज़ी दिखाई है। हम मज़बूत दावा प्रबंधन प्रक्रिया को कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं और शहर में अस्पतालों के अपने नेटवर्क को बढ़ाने के लिए सक्रिय हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारे ग्राहकों को सस्ती दरों पर उच्च गुणवत्ता वाला उपचार मिले।''
स्टार हेल्थ ने अप्रैल 2023 से नवंबर 2023 के बीच पूरे देश में लगभग 11 लाख दावों के निपटान के लिए कुल 5600 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का भुगतान किया।
स्टार हेल्थ इंश्योरेंस ने प्राप्त दावों का अध्ययन और विश्लेषण करते हुए बीमा जागरूकता के लिहाज़ से एक महत्वपूर्ण चुनौती की पहचान की है और यह है पॉलिसीधारकों के बीच अपने बीमा कवरेज, इसके लाभों और पॉलिसी शर्तों के बारे में समझ की कमी। कंपनी का मानना है कि ये चुनौतियां पूरे भारत में स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करने से जुड़े इसके संघर्ष को रेखांकित करती हैं।
पॉलिसी के बारे बढ़ती जागरूकता के बीच ग्राहक, 24 x7 टेलीमेडिसिन सुविधा, वेलनेस कार्यक्रम जैसे लाभ प्राप्त कर सकते हैं, जो ग्राहकों को स्वस्थ रहने में मदद करते हैं। इससे अस्पताल में भर्ती होने की संभावना कम हो जाती है, मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच और ऐसे बहुत से लाभ मिलते हैं। इन सभी सुविधाओं को स्टार हेल्थ ऐप के माध्यम से देश के किसी भी क्षेत्र से प्राप्त किया जा सकता है। ऐप बेहतर निदान और बातचीत के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिये डॉक्टरी परामर्श तक पहुंच भी प्रदान करता है।
स्टार हेल्थ ऐप को एंड्रॉइड के प्ले स्टोर और आईओएस के ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

### जनता को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने वाले सहायता केंद्र का हुआ भव्य उद्घाटन

- **एक ही छत के नीचे मिल सकेगा आमजन को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का निःशुल्क लाभ**
- **विधायक रफीक खान,अमीन कागजी और विधायक प्रत्याशी आर आर तिवाड़ी ने काटा फीता**



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** भट्टाबस्ती मे समाजसेवी पप्पू कुरैशी के कार्यालय पर जनता को सभी सरकारी योजनाओं का एक ही छत के नीचे निशुल्क लाभ दिलवाने के उद्देश्य से सहायता केंद्र स्थापित किया गया जिसका उदधाटन आदर्शनगर विधायक रफीक खान, किशनपोल विधायक अमीन कागजी एवं जयपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं हवाहमल विधानसभा प्रत्याशी आर आर तिवाडी द्वारा किया गया। इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए पप्पू कुरैशी ने बताया कि गरीब जनता को योजनाओं की जानकारी के अभाव में इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है और किसी भी योजना के आवेदन के लिए अनेक बाद अलग अलग दफ्तरों में चक्कर काटने पडते हैं। इससे समय व धन की भी बर्बादी होती है और सुस्त कार्यप्रणाली के चलते हताश होकर लोग योजना का लाभ भी नहीं लेते हैं इसलिए अब एक ही जगह सभी योजनाओं व दस्तावेज बनाने की निशुल्क सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से यह सहायता केंद्र स्थापित किया गया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष आर आर तिवाडी ने कुरैशी की इस पहल को आगे बढाते हुए कहा कि शहर कांग्रेस कमेटी के सभी ब्लॉक अध्यक्षों को भी इस संबंध में जल्द निर्देश देकर ऐसे सहायता केंद्र सभी ब्लॉक मे खोले जायेंगे। इस अवसर पर पार्षद अहसान कुरैशी, जाहीद निर्वाण, पार्षद प्रतिनिधि इलियास खान,राजु चाचा , बाबु कुरैशी, युवा नेता शाहरुख कुरैशी, निजाम भाई ,वहीद भाई ,इरफान भाई, फिरोज चाचा,मुस्लिम परिषद संस्थान के अध्यक्ष युनुस चौपदार व अन्य अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बिगड़ते वातावरण में स्वस्थ रहना कठिन होता है: डॉक्टर रामावतार शर्मा

**चमकता राजस्थान**

दिल्ली स्थित लंग केयर फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अनुसार देश के तकरीबन हर व्यक्ति का फेफड़ा अंदर से यों प्रतीत होगा मानो वह लंबे समय से तंबाकू का सेवन कर रहा है। आप बीड़ी, सिगरेट, चिलम आदि का सेवन करें या नहीं फिर भी आपके फेफड़े प्रदूषित हो रहे हैं क्योंकि देश की हवा का शुद्धता स्तर भयावह रूप से बिगड़ गया है। दूर गांव और ढाणियों को छोड़ देश के शहर, कस्बे और महानगर की हवा नागरिकों के लिए गैस चैंबर्स की तरह दूषित होती जा रहीं है जिसके फलस्वरूप लोगों का सामान्य स्वास्थ स्तर गिरता जा रहा है। भारत में दमा, खांसी और एलर्जी की दवाओं की बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुकी है और खांसते छींकते लोगों का यह देश विश्व शक्ति का सिरमौर होने का सपना पाल रहा है। अब समय आ गया है कि वायु शुद्धता के लिए व्यापक जन जागरण का आ''ान प्रारंभ हो।

भारत अस्थमा और सीओपीडी जैसी बीमारियों का केंद्र बनता जा रहा है। एक गणना के अनुसार भारत में 17 लाख लोग हर साल वायु प्रदूषण के कारण मर रहे हैं और इस संख्या में हर साल वृद्धि हो रही प्रतीत हो रही है। भारत में आंकड़े इकट्ठे नहीं होते हैं क्योंकि सत्य हमें भयभीत करता है। हमें सदा भूतकाल और सपनों की दुनिया में जीने का मनोविज्ञानिक विकार है जिसमें से बाहर आना आसान कार्य नहीं होता। यही कारण है कि इस देश के जनमानस को झकझोरना पड़ता है। इस प्रदूषण से जो लोग मर रहे हैं उनमें से अधिकतर ऐसे लोग हैं जो प्रदूषण नहीं फैला रहे होते हैं। अभी ये लोग समाज के साधनहीन लोग हैं पर जिस तरह से प्रदूषण बढ़ रहा है उसकी चपेट में वे सब भी एक दिन आने वाले हैं जो आज सुरक्षित होने का भ्रम पाले हुए हैं।



आज देखें तो हमारा स्वास्थ्य आज कार, जीप, दुपाहिया वाहन आदि की दया का मोहताज हो चला है। हर तरफ फैली धूल, गर्मी और शोर हमारे स्वास्थ्य को लगातार धराशाई किए जा रहे हैं और हमें कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है। देशों के राजनेता अपनी अपनी सत्ता को बनाए रखने की जुगाड़ में लगे रहते हैं और पृथ्वी प्रथम औद्योगिक क्रांति के समय के तापमान से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक गर्म होने के बिल्कुल पास है। विश्व के राजनेताओं ने बार बार भरोसा दिलाया था कि वे इस तापमान की सीमा को पार नहीं होने देंगे पर अब यह संभव नहीं लग रहा है। अब पृथ्वी 2.8 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म होने को तैयार हो रही है। अगर ऐसा होने से रोका नहीं गया तो असंख्य जीव जंतु, पेड़ पौधे और मनुष्य सदा के लिए अपना अस्तित्व खो सकते हैं। वैज्ञानिक अब इस व्यापक विनाश की संभावना से इंकार नहीं कर रहे हैं।

वातावरण के परिवर्तन और मनुष्य के विस्तार की वजह से वन्य जीवों का भूभाग कम होता जा रहा है। इस के फलस्वरूप वन्य जीवों के वायरस और बैक्टीरिया मनुष्य के संपर्क में आने लगे हैं जिसका एक उदाहरण कॉविड 19 को माना जा रहा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अब हमें लगातार नए वायरस और बैक्टीरिया के हमलों से मुकाबला करना पड़ सकता है। इसके अलावा बाढ़ तथा सूखा प्रभावित होने की संभावनाएं बढ़ रही हैं जिसके बाद भुखमरी और मलेरिया, डेंगू , टाइफाइड जैसे संचारी रोग एक विस्फोटक रूप ले सकते हैं। विश्व की सरकारें अल्प काल के लिए तो धन के दरवाजे खोल देती है पर दीर्घकालीन योजनाओं पर पैसा देने के समय कंजूस हो जाती है। विपत्ति काल में जारी धन का बड़ा दुरुपयोग होता देखा गया है। भारत में कितना ही सरकारी धन राजनीतिक पार्टियां चुनाव जीतने के लिए व्यय करती हैं पर लंबी अवधि के पर्यावरण रक्षण के नाम पर बजट में कोई प्रभावी प्रावधान नहीं रखा जाता है। इसी तरह से स्वास्थ्य बजट भी काफी कम होता है। अब देश और इसके राज्यों में भारत सरकार या राज्य सरकार की जगह इसकी सरकार या उसकी सरकार हो गई है तो फिर जनता के दीर्घकालीन हितों की भला किसको परवाह होगी ?

अब समाज की जागरूक जनता को मुद्दा अपने हाथ में लेना होगा। आवाज भी उठानी होगी और छोटे प्रयास भी करने पड़ेंगे। वातावरण और स्वास्थ्य का परस्पर निर्भरता का रिश्ता रहा है। हमारे अस्तित्व को चुनौती उभरने लगी है। हमें नारों की जगह कर्म को प्राथमिकता देनी होगी। अच्छे दिन नारों से नहीं कर्मों से आते हैं। आने वाले विनाश को अभी तो रोका जा सकता है पर इसके लिए हमें अपनी निष्क्रियता को त्यागना होगा।

## एक नजर

### सिंगापुरः भ्रष्टाचार के मामले में फंसे परिवहन मंत्री ईश्वरन का पद, पार्टी व पार्लियामेंट से इस्तीफा

**सिंगापुर।** भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप का सामना कर रहे भारतीय मूल के सिंगापुर के परिवहन मंत्री एस ईश्वरन ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। द स्ट्रेट्स टाइम्स के मुताबिक 61 वर्षीय ईश्वरन ने सत्ताधारी पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) और पार्लियामेंट की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे ईश्वरन को पिछले साल 11 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद प्रधानमंत्री लूंग के आदेश पर ईश्वरन के वेतन में 82 फीसदी की कटौती की गई थी। इन दिनों ईश्वरन जमानत पर हैं। हालांकि परिवहन मंत्री रहते ईश्वरन की कोविड महामारी के बाद सिंगापुर को एयर हब के रूप में पुनर्निमाण को लेकर काफी प्रशंसा भी हुई थी।

### स्पाइसजेट फ्लाइट के टॉयलेट में फंसे शख्स का आरोपः सबको उतारने के बाद मेरा रेस्क्यू किया

**बेंगलुरु।** स्पाइसजेट की फ्लाइट के टॉयलेट में फंसे शख्स ने एयरलाइन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। 37 साल के सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल ने बताया कि मुंबई से बेंगलुरु पहुंचने तक वह 100 मिनट तक टॉयलेट में बंद था। बेंगलुरु पहुंचने के 20 मिनट बाद उसका रेस्क्यू किया गया। जब सभी पैसेंजर फ्लाइट से उतर गए, तब इंजीनियर अंदर आया। इसके बाद टॉयलेट का गेट तोड़कर उसे निकाला गया। इस तरह वह करीब 2 घंटे तक टॉयलेट में बंद रहा। लैंडिंग के दौरान झटकों से वह टॉयलेट के अंदर इधर-उधर गिरा। इससे उसे चोटें आईं। वह सदमे में था। पैसेंजर ने आरोप लगाया कि घायल होने के बावजूद उसे कोई मेडिकल हेल्प नहीं मिली। यहां तक कि उसका ब्लड प्रेशर तक चेक नहीं किया गया। बेंगलुरु केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उसे सिर्फ एक पानी की बोतल देकर माफी मांगी गई। स्पाइसजेट ने पैसेंजर को 5 हजार रुपए के वाउचर की पेशकश की, लेकिन उसने लेने से इनकार कर दिया। दरअसल, मंगलवार (16 जनवरी) को मुंबई से बेंगलुरु जाने वाली स्पाइसजेट फ्लाइट नंबर SG-268 में एक पैसेंजर पूरे सफर के दौरान टॉयलेट में फंसा रहा। टॉयलेट के गेट का लॉक खराब हो गया था। लैंडिंग से पहले एयर होस्टेस ने उसे एक पर्ची लिखी और गेट के नीचे से भेजा। एयर होस्टेस ने उसे कमोड पर बैठकर अपनी सुरक्षा करने की सलाह दी थी। पैसेंजर ने बताया कि वह बेंगलुरु के कोरमंगला का रहने वाला है। मुंबई में अपने परिवार से मिलने गया था। सोमवार को वह बेंगलुरु लौट रहा था। मुंबई से उसकी फ्लाइट रात 10:55 बजे की थी। हालांकि, फ्लाइट ने देर रात 2:10 बजे उड़ान भरी। टेक ऑफ के बाद जैसे ही सीट बेल्ट खोलने की इजाजत मिली, वह टॉयलेट गया। तभी टॉयलेट का दरवाजा खराब हो गया और वह अंदर बंद हो गया। पैसेंजर घबराकर शोर मचाने लगा, जिससे क्रू मेंबर्स को टॉयलेट में किसी के बंद होने की जानकारी मिली। उन्होंने दरवाजा खोलने की बहुत कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। लैंडिंग से पहले एयर होस्टेस ने एक पर्ची लिखी और गेट के नीचे से पैसेंजर को भेजी। एयर होस्टेस ने लिखा- सर, हमने गेट खोलने की पूरी कोशिश की, लेकिन हम गेट नहीं खोल सके। आप घबराइए मत। हम कुछ ही मिनटों में लैंड करने वाले हैं। आप कमोड का ढक्कन बंद करके उस पर बैठ जाएं और अपनी सुरक्षा करें। जैसे ही मुख्य दरवाजा खुलेगा, इंजीनियर आ जाएगा। इसके बाद आपको बाहर निकाल लेंगे। स्पाइसजेट ने घटना को लेकर बताया था कि फ्लाइट में टॉयलेट के दरवाजे का लॉक खराब हो गया था। इसके कारण एक पैसेंजर लगभग एक घंटे तक टॉयलेट के अंदर फंसा रहा। हमारे क्रू पूरी यात्रा के दौरान पैसेंजर की मदद करते रहे। एयरलाइंस ने पैसेंजर को पूरा रिफंड देने का दावा किया था। घटना को लेकर डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) ने बयान जारी किया। न्यूज एजेंसी PTI ने DGCA के एक अफसर के हवाले से बताया- विमान के शौचालय में स्पाइसजेट के एक यात्री के फंसने की घटना की जांच कर रही है।

# पाकिस्तान ने ईरानी हमले के जवाब में एयरस्ट्राइक की

**इस्लामाबाद/तेहरान।** पाकिस्तान की एयरफोर्स ने बुधवार देर रात जवाबी कार्रवाई में ईरान में बलूच लिबरेशन आर्मी के ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज बलोच ने कहा- ये कार्रवाई सभी खतरों के खिलाफ देश की रक्षा के लिए की गई है। ऑपरेशन की सफलता पाकिस्तानी सेना की काबिलियत का सबूत है। पाकिस्तान का दावा है कि उन्होंने ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान में कई आतंकियों को मार गिराया। हालांकि, ईरान ने कहा कि पाकिस्तान की एयरस्ट्राक में 4 बच्चे और 3 महिलाओं सहित 9 लोगों की मौत हुई है। इनमें से कोई भी ईरान का नागरिक नहीं था। हमले के बाद ईरान ने पाकिस्तानी दूतावास के अधिकारी को तलब किया है। वहीं, पाकिस्तान के केयरटेकर प्रधानमंत्री वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम से समय से पहले ही वापस लौट रहे हैं। इससे पहले मंगलवार रात पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद दोनों देशों




में टकराव बढ़ गया था। ईरान ने कहा था कि उसने पाकिस्तान में आतंकी संगठन जैश अल अदल पर हमला किया था। ईरान के विदेश मंत्री अमीर अब्दोल्लाहियन ने बुधवार को पाकिस्तानी विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी से फोन पर बात की थी। उन्होंने कहा था कि यह हमला ईरान के आंतकी संगठन पर किया गया था। पाकिस्तान का कोई भी नागरिक इसमें घायल नहीं हुआ है। इस पर जिलानी ने कहा था कि किसी भी देश को इस तरह जोखिम वाले रास्ते पर नहीं चलना चाहिए। ईरान के हमले पर पाकिस्तान को जवाबी कार्रवाई का पूरा हक है। इसके बाद पाकिस्तान एयरफोर्स ने 24 घंटे में ईरान पर हवाई हमले किए। पाकिस्तान ने ईरान में चलाए ऑपरेशन को 'मार्ग बार सरमाचर' नाम दिया। पाकिस्तान के सिक्योरिटी ऑफियशियल ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि पाक एयरफोर्स ने बलूच अलगाववादियों के 7 ठिकानों को निशाना बनाया। एयरस्ट्राइक ईरान की सीमा में 48 किलोमीटर अंदर घुसकर की गईं। इसके लिए फाइटर जेट्स और ड्रोन्स का इस्तेमाल किया। ईरान के हमले के बाद पाकिस्तान ने बुधवार को तेहरान से अपने ऐंबैस्डर को वापस बुला लिया और ईरान के राजदूत को देश छोड़ने को कह दिया था। वहीं, ईरान के हमले के बाद पाकिस्तान आर्मी के हेडक्वॉर्टर रावलपिंडी में बुधवार तड़के से मीटिंग्स चल रही थीं। आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने सभी कमांडर्स को फौरन बुलाया था। पाकिस्तान में ईरान की एयरस्ट्राइक पर भारत ने भी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा- अगर कोई देश अपनी हिफाजत के लिए कार्रवाई करता है तो भारत उसकी स्थिति समझ सकता है। उन्होंने कहा- ये पाकिस्तान और ईरान के बीच का मामला है। जहां तक हमारी राय का सवाल है तो हम कई बार साफ कर चुके हैं कि आतंकवाद के मामले में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। वहीं, अमेरिका ने ईरान की स्ट्राइक को गलत बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि ईरान ने हाल ही के दिनों में अपने तीन पड़ोसी मुल्कों की संप्रभुता का उल्लंघन किया है। ईरान एक शिया बहुल देश है, जबकि पाकिस्तान में करीब 95% लोग सुन्नी हैं। पाकिस्तान के सुन्नी संगठन ईरान का विरोध करते रहे हैं। इसके अलावा बलूचिस्तान का जैश अल अदल आतंकी संगठन ईरान की सीमा में घुसकर कई बार वहां की सेना पर हमले करता रहा है। ईरान की सेना को रिवॉल्यूशनरी गार्ड कहा जाता है। ईरान सरकार कई बार पाकिस्तान को आतंकी संगठनों पर लगाम लगाने की वॉर्निंग दे चुकी है। 2015 में पाकिस्तान और ईरान के रिश्ते बेहद खराब हो गए थे। तब ईरान के आठ सैनिक पाकिस्तान से ईरानी क्षेत्र में घुसे सुन्नी आतंकवादियों के साथ संघर्ष में मारे गए। यह आतंकी भी जैश अल अदल के थे। तब ईरान सरकार ने कहा था- हमारी सीमा पर तैनात सैनिकों का पाकिस्तान से घुसे आतंकवादियों के साथ संघर्ष हुआ। हमारे आठ सैनिक शहीद हो गए। हम इस मामले में जवाबी कार्रवाई जरूर करेंगे। इधर, चीन ने पाकिस्तान और ईरान दोनों से कहा कि वो तनाव न बढ़ाएं, क्योंकि इससे दोनों देशों को नुकसान है। पाकिस्तान और ईरान दोनों ही शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन यानी SCO के मेंबर हैं और चीन के करीबी ट्रेडिंग पार्टनर हैं। ईरान मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक- ईरान ने अपने बॉर्डर पर फौज की तैनाती अचानक बढ़ा दी है। माना जा रहा है कि पाकिस्तान की फौज आतंकियों को ढाल बनाकर ईरान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर सकती है। इसका असर दिखना शुरू हो चुका है। ईरानी समाचार एजेंसी IRNA के मुताबिक, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के एक सदस्य की पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा से लगे देश के अशांत दक्षिणपूर्वी प्रांत में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात बलूचिस्तान में इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC या ईरानी सेना) ने मिसाइल और ड्रोन से आतंकी संगठन जैश अल अदल के ठिकानों पर हमले किए थे। इसके कुछ घंटे बाद रात में ही पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर सख्त विरोध दर्ज कराया था। 'जियो न्यूज' के मुताबिक- इस घटना के बाद पाकिस्तान में जबरदस्त सियासी और फौजी कवायद देखी गई। रातभर मीटिंग्स का दौर चला।

आर्मी चीफ आसिम मुनीर और केयरटेकर प्राइम मिनिस्टर अनवार उल हक काकड़ ने फोन पर बातचीत की। इसके बाद रावलपिंडी में आर्मी कमांडर्स की मीटिंग हुई। बुधवार दोपहर विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जाहरा बलोच मीडिया से मुखातिब हुईं। कहा- हमने तेहरान में मौजूद अपने राजदूत से फौरन देश लौटने को कहा है। ईरान के ऐंबैस्डर को भी देश छोड़ने के लिए कह दिया गया है। हालांकि, इस वक्त ईरान के राजदूत अपने देश में ही मौजूद हैं। ईरान ने उकसाने वाली हरकत की है। हम इसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं कर सकते। मुमताज ने आगे कहा- ईरान ने इंटरनेशनल लॉ भी तोड़ा है। हम इसके खिलाफ UN में शिकायत दर्ज करा रहे हैं। ईरान को याद रखना होगा कि पाकिस्तान के पास जवाब देने की काबिलियत और हक दोनों हैं। इसकी जिम्मेदारी ईरान सरकार की होगी। हमने ईरान के साथ चल रही हर तरह की और हर लेवल की बातचीत बंद करने का फैसला भी किया है। पाकिस्तान ने मंगलवार रात कहा कि ईरान की तरफ से मिसाइल और ड्रोन हमलों में दो बच्चे मारे गए और तीन लड़कियां घायल हुईं। हालांकि, ये नहीं बताया गया कि वास्तव में ईरान ने बलूचिस्तान के किस इलाके में हमला किया।

## 22 जनवरी को केंद्रीय संस्थानों में आधे दिन की छुट्टीः रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर 5 राज्यों में दिनभर का अवकाश

**नई दिल्ली।** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन देश के केंद्रीय संस्थानों में आधे दिन की छुट्टी रहेगी। इसको लेकर सरकार ने गुरुवार को नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें कहा गया है कि सुबह से लेकर दोपहर ढाई बजे तक सरकारी कार्यालयों और स्कूल-कॉलेज में आधे दिन की छुट्टी रहेगी। ऐसा इसलिए ताकि लोग रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लाइव देख सकें। इसके अलावा 5 राज्यों में दिनभर का अवकाश रहेगा। वहीं, 7 राज्यों में मीट और शराब की बिक्री नहीं होगी। अब तक 5 राज्यों ने 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इनमें UP, गोवा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और हरियाणा शामिल हैं। राजस्थान सरकार की पहली कैबिनेट मीटिंग आज यानी 18 जनवरी को होगी, जिसमें 22 जनवरी को सरकारी अवकाश को लेकर फैसला होगा।



**उत्तर प्रदेशः** राज्य सरकार के आदेश के मुताबिक, 22 जनवरी को सभी सरकारी कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों में छुट्टियां रहेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में 22 जनवरी को दिवाली की तरह ही उत्सव मनाने की अपील की है।

**गोवाः** उत्तर प्रदेश के ही तर्ज पर गोवा में भी 22 जनवरी को सार्वजनिक छुट्टी की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने आदेश जारी करते हुए कहा कि पूरे देश में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह है। ऐसे में गोवा में भी सभी सरकारी कार्यालयों और स्कूलों छुट्टियां की जाती है, ताकि लोग इस पर्व का मना सकें। उन्होंने आगे लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस खास दिन को दिवाली की तरह खुशी और उत्साह के साथ मनाएं। दरअसल, CM सावंत खुद भी प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए 22 जनवरी को अयोध्या पहुंचेंगे।

**मध्यप्रदेशः** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लोगों कहा कि 22 जनवरी को त्योहार की तरह मनाएं। साथ ही ये भी कहा कि राज्य में इस दिन सभी सरकारी कार्यालय और स्कूलों में सार्वजनिक छुट्टी रहेगी। हालांकि, इसको लेकर सरकार की तरफ से अभी तक कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं गया। वहीं, राज्य में शराब और मीट की दुकानों को बंद रखने का भी आदेश दिया है।

**छत्तीसगढ़ः** राज्य सरकार ने भी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर घोषणा की है। सरकार ने पूरे राज्य में सभी शासकीय व प्राइवेट स्कूलों को बंद रहने का आदेश दिया है। दरअसल, छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है। इस वजह से अयोध्या में होने वाले इस आयोजन को लेकर पूरे राज्य में भारी उत्साह देखने का मिल रहा है। छुट्टी के ऐलान के साथ 7 राज्यों की सरकार ने प्रदेश में ड्राई डे की भी घोषणा की है। यानी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन हर शराब की दुकानें बंद रहेंगी। इनमें यूपी, राजस्थान, असम, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और हरियाणा शामिल हैं। इन सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने आधिकारिक तौर पर ऐलान किया है कि प्रदेश में ड्राई डे रहेगा। साथ ही लोग अपने घर और आस पास के मंदिरों में दीप जलाकर कर दीपोत्सव मनाएं।

## सुनक को राहत, रवांडा बिल ब्रिटिश लोअर हाउस में पासः अवैध प्रवासियों से जुड़े इस बिल पर उनकी पार्टी के 11 नेता बागी

**लंदन।** ब्रिटेन में अवैध प्रवासियों से जुड़ा 'रवांडा बिल' संसद के निचले सदन यानी हाउस ऑफ कॉमंस में पास हो गया है। इसे प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के लिए राहत के तौर पर देखा जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस बिल को लेकर सुनक की कंजरवेटिव पार्टी के बड़े नेता बगावत कर रहे थे। ये नेता नहीं चाहते थे कि बिल पास हो इसलिए वो सुनक के खिलाफ थे। स्काई न्यूज के मुताबिक संसद के लोइर हाउस (हाउस ऑफ कॉमंस) में बिल के पक्ष में 320 वोट पड़े। 276 सांसदों ने बिल के खिलाफ वोट किया। इसमें पूर्व गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन, पूर्व मंत्री रॉबर्ट जेनेरिक समेत सुनक की सत्ताधारी कंजरवेटिव पार्टी के 11 नेता शामिल थे। कंजरवेटिव पार्टी के 18 सांसदों ने वोट ही नहीं दिया। अब यह बिल संसद के अपर हाउस यानी हाउस ऑफ लॉर्ड्स में पेश किया जाएगा। इस बिल को लेकर सुनक विरोधी नेताओं की गुटबाजी के चलते PM सुनक पर इस्तीफे का



खतरा बढ़ रहा था। ये नेता सुक के खिलाफ तख्तापलट की साजिश रच रहे थे। ब्रिटेन में अवैध आप्रवासन एक बहुत बड़ी समस्या बन चुकी है। इसे रोकने और देश की सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए PM सुनक 'रवांडा बिल' लेकर आए। इसके तहत ब्रिटेन सरकार ने अपने यहां शरण मांगने वाले शरणार्थियों (वैध-अवैध) को नहीं रखने का फैसला करते हुए, उन्हें साउथ अफ्रीकी देश रवांडा भेजने के लिए एक सिस्टम तैयार किया। इसे लेकर ब्रिटेन और रवांडा के बीच समझौता हुआ। जून 2023 में ब्रिटेन की सुप्रीम कोर्ट ने शरणार्थियों को रवांडा भेजने की यूके सरकार की योजना को गैरकानूनी बताया था। अदालत का मानना था कि रवांडा एक सुरक्षित देश नहीं है। इसके बाद बिल में एक संशोधन जोड़ा गया। इसमें कहा गया कि रवांडा को एक सुरक्षित देश माना जाए। यूनाइटेड किंगडम और रवांडा के बीच अप्रैल 2022 में इस असाइलम पॉलिसी पर एग्रीमेंट हुआ। ये करार 5 साल के लिए है। दोनों देशों के बीच हुए समझौते (MoU) के मुताबिक ब्रिटेन, शरण चाहने वाले नागरिकों की जांच करेगा और उनके लिए रवांडा तक सुरक्षित ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था भी करेगा। शरणार्थियों के आने पर, रवांडा के हर नागरिक को शरणार्थियों के साथ होने वाले किसी भी दुर्व्यवहार को रोकना होगा। यदि रवांडा, किसी को अपने देश में शरण नहीं देना चाहता, तब उसे वापस उसके देश भेज दिया जाएगा। ब्रिटेन आने वाले ज्यादातर अवैध शरणार्थी इंग्लिश चैनल पार करके आते हैं। अवैध इसलिए कि नावों से आ रहे लगभग 98% लोगों के पास पासपोर्ट नहीं होता। वे बिना किसी पहचान के UK पहुंच जाते हैं।

# जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने कानोता थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों को दी राहत

- **आयुक्तालय के अन्य थाना क्षेत्रों में भी होगी चरणबद्ध तरीके से जनसुनवाई**
- **आमजन को रास आ रही पुलिस की सकारात्मक पहल :-बीजू जॉर्ज जोसफ**

चमकता राजस्थान

जयपुर, !(खलील कुरैशी)18 जनवरी। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने गुरुवार को कानोता थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कैलाश चंद्र विश्नोई, डीसीपी पूर्व ज्ञान चंद यादव, एसीपी (बस्सी) फूलचंद और संबंधित थानों के एसएचओ और अधिकारीगण उपस्थित रहे।बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा कि जनसुनवाई का नवाचार आमजन को खासा रास आ रहा है। ग्रामीण और दूरदराज के लोग जो जयपुर नहीं आ पाते ऐसे परिवादी अपनी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए बड़ी तादात में शिरकत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिवादियों की समस्याओं के तुरंत समाधान के लिए वृत क्षेत्रों में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आगामी दिनों में शेष रहे दोनों जिलों के वृत्त क्षेत्रों में जनसुनवाई की जाएगी। आयुक्त ने इससे पहले शिप्रापथ थाने में जनसुनवाई कर आयुक्त ने सैकड़ों परिवादियों को राहत दी थी। जनसुनवाई की खास बात यह रही कि परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया ग या। समय लगने वाली अन्य समस्याओं के जल्द समाधान के लिए भी निर्देश दिए गए।





आयुक्त ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में जमीन पर अवैध कब्जा, जमीन के डबल पट्टे, जमीनी विवाद, पारिवारिक मुकदमे, चोरी, धमकी, मारपीट और अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबधित अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के भी निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान पुलिस थाना तूंगा, बस्सी, कानोता, खोह नागोरियान, ट्रान्सपोर्टनगर, जयपुर (पूर्व) क्षेत्र के परिवादियों ने अपनी समस्याएं पुलिस आयुक्त को बताकर समाधान पाया।

## पाकिस्तान के केयटेकर PM बोले- दुनिया हमारी अहमियत समझे

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान के केयरटेकर प्रधानमंत्री अनवार-उल-हक काकड़ ने कहा है कि पाकिस्तान की क्षमता और उसकी भूमिका को सराहा जाना जरूरी है। स्विट्जरलैंड के दावोस में चल रहे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में CNBC को दिए एक इंटरव्यू में काकड़ ने कहा- क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान की अहमियत को पहचानने की जरूरत है। दरअसल, अमेरिका ने पिछले हफ्ते ही पाकिस्तान को चीन, रूस और सऊदी के साथ विशेष चिंता वाले देशों की सूची में रखा था। काकड़ ने इस पर कहा कि- हम नतीजे देने वाला देश हैं। मैं अमेरिका



की बाइडेन सरकार से अपील करता हूं कि पाकिस्तान को भी अहम मुद्दों पर सकारात्मक तौर पर शामिल किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, यहां धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन से जुड़े गंभीर मामले दर्ज किए गए हैं। पाकिस्तान ने इस रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा था कि यह दावा एकतरफा, भेदभाव और मनमाने पैमानों पर आधारित है। ऐसे कदम वैश्विक स्तर पर धार्मिक स्वतंत्रता को आगे बढ़ाने के इस्लामाबाद और वॉशिंगटन के लक्ष्य को कमजोर करते हैं। बलूचिस्तान में ईरान की एयरस्ट्राइक पर काकड़ ने कहा कि क्षेत्र में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए मिलकर काम करना अहम है। इसके अलावा केयरटेकर PM से चीन के साथ रिश्तों को लेकर भी सवाल किए गए। इस पर उन्होंने कहा- पाकिस्तान और बीजिंग में स्ट्रैटेजिक तौर पर करीबी रिश्ते हैं। दुनिया में चाहे कुछ भी हो जाए, उसका असर कभी भी पाकिस्तान और चीन के रिश्तों पर नहीं पड़ेगा।

## महिला उद्यमी केवल व्यवसायी- नेता नहीं बल्कि परिवर्तन की अग्रदूत हैं : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में महिला उद्यमियों से कहा कि आप केवल एक व्यवसायी-नेता नहीं बल्कि परिवर्तन की अग्रदूत हैं। राष्ट्रपति ने प्रमुख स्टार्ट-अप और यूनिकॉर्न की संस्थापक और सह-संस्थापक महिलाओं के एक समूह से बातचीत की। यह बैठक 'राष्ट्रपति जनता के साथ' पहल के तहत हुई, जिसका उद्देश्य लोगों के साथ गहरा संबंध स्थापित करना और उनके योगदान को पहचानना है। महिला उद्यमियों से बातचीत के दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि इन महिला उद्यमियों ने



भारतीय कारोबारी माहौल को बदल दिया है। उन्होंने रेखांकित किया कि 'स्टार्ट-अप इंडिया' कार्यक्रम हमारे युवाओं की क्षमता का दोहन करने और देश में उद्यमशीलता के माहौल को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। राष्ट्रपति ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य को हासिल करने में अमूल्य योगदान देने के लिए उनकी सराहना की। मुर्मू ने कहा कि उनके जैसे युवाओं के अभिनव प्रयासों के कारण, आज भारत लगभग 1.17 लाख स्टार्ट-अप और 100 से अधिक यूनिकॉर्न के साथ दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम है। राष्ट्रपति ने कहा कि उद्यमियों के रूप में उनकी यात्रा और उपलब्धियां लोगों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जनसुनवाई के मामलों में परिवादियों को लिखित सूचना दी जाए: संभागीय आयुक्त

● जिला प्रभारी सचिव एवं जिला कलक्टर ने की जनसुनवाई



**चमकता राजस्थान। धौलपुर!(रामदास तरुण) धौलपुर, 18 जनवरी** । जिला प्रभारी सचिव एवं संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने कहा कि जनसुनवाई में आने वाले मामलों पर परिवादियों को लिखित सूचना दी जाये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार पर क्या प्रगति हुई है, क्या निस्तारण हुआ है और यदि निस्तारण योग्य स्थिति में नहीं है तो इसकी लिखित सूचना परिवादी को आवशयक रूप से दी जाये। जिला प्रभारी सचिव एवं संभागीय आयुक्त गुरूवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। जिला प्रभारी सचिव ने कहा कि परिवादियों द्वारा दर्ज किये गये परिवादों का प्रशासन एवं सम्बन्धित अधिकारी संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी स्फूर्त ढंग से कार्य करें।परिवादी हरविलास ने राजाखेड़ा रोड़ के तगावली रोड़ पर स्थित श्मशान में कार्य कराए जाने बावत परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर संभागीय आयुक्त ने नगर परिषद आयुक्त को वस्तुस्थिति रिपोर्ट लेकर समुचित कार्यवाही के निर्देश दिये। वहीं परिवादी सरेशचन्द्र ने कमठान नगर में सीवर लाइन चैम्बर से पानी निकलकर जलभाराव की समस्या के बारे में बताया। जिस पर उन्होंने नगर परिषद को त्वरित समस्या समाधान के निर्देश दिये।

### राजस्थान स्टेट हज कमेटी ने हाजियों के लिए जारी किए हेल्पलाइन नंबर

● हज यात्रा 2024 के कवर नंबर संबंधित सूचना एवं सहायता के लिये किया जा सकता है संपर्क

**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी)18 जनवरी।** हज यात्रा 2024 के लिए अब तक कुल 4 हज़ार 117 आवेदन पत्र ऑनलाईन प्राप्त हुये है व 1 हज़ार 580 कंवर नम्बर अब तक जारी किये गये है। कवर नंबर की आवंटन प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए स्टेट हज कमेटी ने हज यात्रियों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए है । राजस्थान स्टेट हज कमेटी के अधिशाषी अधिकारी डा॰ महमूद अली खान ने बताया कि ऐसे हज आवेदक जिन्हें अभी तक कवर नंबर आवंटित नहीं हुये है अथवा कवर नम्बर में किसी प्रकार की कोई त्रुटि है वे राजस्थान स्टेट हज कमेटी के फोन नंबर 0141-2634786 एवं मोबाइल नम्बर 8005678080 पर सम्पर्क करें। इस संदर्भ में हज कमेटी ऑफ़ इंडिया मुंबई से आवशयक कार्यवाही कर संबंधित हाजी को नियमानुसार कवर नंबर उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा। इस संबंध में अंतिम निर्णय हज कमेटी ऑफ़ इंडिया का होगा।उल्लेखनीय है कि उचित दस्तावेजों के साथ प्राप्त पूर्ण आवेदन पत्रों को कवर नम्बर जारी कर सूचना मोबाईल एवं पत्र द्वारा आवेदकों के पते पर भिजवा दी गई है।

### राज्यपाल कलराज मिश्र को श्रीकृष्ण शर्मा द्वारा सृजित पुस्तक ''मूर्धन्य साहित्य सृजक'' भेंट



**चमकता राजस्थान। जयपुर,!(खलील कुरैशी)18 जनवरी।** साहित्यिक संस्था 'शब्द संसार', जयपुर के अध्यक्ष एवं प्रतिष्ठित साहित्यकार श्री श्रीकृष्ण शर्मा द्वारा सृजित पुस्तक ''मूर्धन्य साहित्य सृजक'' आज राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र को भेंट की गई।राज्यपाल मिश्र ने पुस्तक का अवलोकन किया और इसकी विषय वस्तु की सराहना करते हुए हिन्दी साहित्य के उन्नयन की कामना की। इस अवसर पर मौजूद भाषाविद डॉ. नरेन्द्र शर्मा कुसुम ने पुस्तक में वर्णित देश के लब्ध प्रतिष्ठ कवियों के लोकप्रिय गीतों को उद्धरित करते हुए बताय कि आज ऐसे गीतों की गति मंद हो गई है । संवाद के दौरान शुद्ध हिन्दी की वर्तनी का प्रश्न भी आया जिसके लिए श्रीकृष्ण शर्मा निरन्तर प्रयासरत हैं। प्रसिद्ध स्तंभकार ललित शर्मा अकिंचन ने लेखक श्री×कृष्ण शर्मा और भाषाविद डॉ. कुसुम का परिचय दिया। गौरतलब है कि पुस्तक में सर्वश्री बालस्वरूप राही, उदयभानु हंस, डॉ. ताराप्रकाश जोशी, गीतकार गुलजार, महाकवि कन्हैयालाल सेठिया, रामनाथ कमलाकर, डॉ. नरेन्द्र शर्मा कुसुम, इकराम राजस्थानी, डॉ. गार्गी शंकर मिश्र 'मराल',वीर सक्सेना,गोपालदास मुदगल, डॉ. मूलचन्द्र पाठक और शायर डॉ.फराज हामिदी जैसे साहित्यकारों की रचनाएँ शामिल की गई हैं।

जिला परिषद सभागार में जिला प्रमुख रमा देवी की अध्यक्षता में हुई बैठक

# जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक में उठे आमजन से जुड़े मुद्दे

चमकता राजस्थान



**जयपुर,!(खलील कुरैशी)18 जनवरी।** जिला परिषद सभागार में गुरुवार, 18 जनवरी को जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक हुई। जिला प्रमुख श्रीमती रमा देवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में जनप्रतिनिधियों ने बिजली, पानी, सड़क निमार्ण जैसे आमजन से जुड़े मुद्दों चर्चा हुई।बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी दी साथ ही, विकास कार्यों में आ रही परेशानियों को लेकर विभागीय अधिकारियों से भी चर्चा की। बैठक में विगत बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन, महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2024-25 का अनुमोदन, पट्टा पत्रावलियों का अनुमोदन किया गया। साथ ही वाटरशेड प्रबंधंन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं राजीव गांधी जल संचयन के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का अनुमोदन किया गया।बैठक में जनप्रतिनिधियों ने बिजली कटौती, बिजली के झूलते तारों, लंबित बिजली कनेक्शन आवेदनों, जल जीवन मिशन के तहत पानी के कनेक्शनों आवेदनों, स्पीड ब्रेकर बनाने, सड़क निर्माण सहित कई मुद्दे उठाए। जिस पर संबंधित विभाग के अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों को यथा स्थिति से अवगत करवाया।

### ये रहे बैठक में मौजूद

» बैठक में विधायक मनीष यादव, प्रशांत शर्मा, डॉ. शिखा मील बराला, रामावतार बैरवा, उप जिला प्रमुख मोहन लाल डागर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) लोकश मीणा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनीता यादव सहित पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम एवं पंजीकरण कैम्प का हुआ आयोजन

चमकता राजस्थान



**जयपुर!(खलील कुरैशी) 18 जनवरी।** जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र जयपुर एवं भारत सरकार सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, एमएसएमई विकास कार्यालय जयपुर, द्वारा गुरुवार को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम एवं पंजीकरण कैम्प का आयोजन किया गया एमएसएमई विकास कार्यालय जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में इस योजना के तहत 18 व्यवसायों से सम्बंधित कारीगरों को प्रोत्साहन हेतु प्रशिक्षण, टूल किट एवं ऋण आदि की सुविधा दी जाएगी ।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी विस्तार से दी गयी एवं साथ ही कारीगरों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन भी किया गया। प्रोग्राम में जेम पोर्टल की जानकारी के साथ साथ राज्य व केन्द्र सरकार की विभिन्न स्कीम की भी जानकारी दी गयी ।कार्यक्रम के विशेष अतिथि अरुण खटोड ने बताया की माननीय प्रधानमंत्री कि प्रधानमंत्री विष्वकर्मा योजना का उद्देष्य असंगठित कारीगरों को मुख्यधारा में जोड़ना है जिससे भारत की अर्थव्यवस्था को और भी मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने इस योजना को जन जन तक पहुचाने हेतु सभी प्रतिभागियों से आ''ान किया।

निदेशक, भारत सरकार सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय वी. के. शर्मा ने सभी विश्वकर्माओं का कारीगर से निर्यातक बनने के लिए प्रेरित किया। जिला उद्योग केंद्र जयपुर के महाप्रबंधक सुभाष शर्मा एवं शिल्पी राजपुरोहित ने विभिन्न राज्य सरकार की योजनाओं एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी। आई.आई.सी.डी. की निदेशक डॉ तुलिका गुप्ता ने भी कारीगरों को नए डिजाईन व मार्केटिंग के बारे में जागरूक किया। सी.एस.सी. के राज्य प्रमुख आशीष पंवार एवं उनके टीम द्वारा पी. एम. विश्वकर्मा में पंजीकरण की प्रक्रिया को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में एन.एस.डी.सी, बैंक एवं जेम अधिकारियों द्वारा भी प्रेजेंटेशन दिए गए। कार्यक्रम में लगभग 200 कारीगरों ने भाग लिया व योजना की जानकारी हासिल की। साथ ही लगभग 80 कारीगरों ने पी.एम. विश्वकर्मा एवं जेम पोर्टल पर सफलतापूर्वक पंजीकरण भी किया।

## श्रीनगर, तिहारी ग्राम पचायत भव्य कलश यात्रा भारी सख्या में उमड़ी महिलाए,



**चमकता राजस्थान। श्रीनगर!(रघुनन्दन पारीक)।** श्रीनगर तिहारी गांव में गुरुवार को श्री राम मंदिर उत्सव समिति की ओर से अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत बैंड की मधुर स्वर लहरियों के बीच 321महिलाओं की भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के बाद दोपहर से गांव में 41 गांव की रामधुनी मंडली ने गांव सभी मोहल्ले में रामधुनी निकाली ।रामधुनी में श्रद्धालु पुरुष हाथ में ढोलक मंजीरे लिए चल रहे थे। कलश यात्रा एवं रामधुनी के आयोजन से गांव का माहौल धर्म मय हो गया।उत्सव समिति के तिहारी मंडल प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि तिहारी के बालाजी मंदिर से महिलाओं की कलश यात्रा शुरू हुई जो गांव के प्रमुख मोहल्लों से गुजरी। शोभा यात्रा में दो बालक घोड़ी पर सवार होकर केसरिया धर्म ध्वजा हाथ में लिए चल रहे थे। कलश यात्रा के बीच में वाहन पर भगवान राम, लक्ष्मण ,सीता की झांकी चल रही थी। झांकी में रेवाड़ी में ठाकुर जी विराजमान थे। कलश यात्रा के आगे महिला पुरुष हाथ में भगवा पताका लिए हुए भगवान राम का जय घोष लगाते चल रहे थे । भगवान राम के भजनों पर महिलाएं नाचती गाती चल रही थी। शोभा यात्रा को लेकर सर्व समाज की हिंदू महिलाओं में उत्साह देखा गया। कलश यात्रा बालाजी महाराज मंदिर पाल वाले के यहां से शुरू होकर सदर बाजार, पंचायती मंदिर, नरसिंह मंदिर, चौहटा होते हुए महादेव जी का मंदिर, श्री खेड़ाखूंट बालाजी के मंदिर , बैरवा मोहल्ला, तेजाजी चौक ,बस स्टैंड से होते हुए वापस पाल वाले बालाजी पर पहुंची। यहां बालाजी मंदिर के बाहर कलश लेकर खड़ी महिलाओं की सामूहिक महा आरती की गई। महा आरती के बाद महिलाओं ने कलश सर पर रखकर बालाजी मंदिर की परिक्रमा की । कलश यात्रा के बाद महिलाओं को हलुए तथा दूध का प्रसाद वितरित किया गया समापन पर धर्म जागरण समन्वय के जिला संस्कृति प्रमुख अजीत पुरोहित ने कहा कि 22 जनवरी को भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर मंदिरों में मिट्टी के दीपक जलाएं घर-घर मैं महिलाएं उपवास रखें एवं धूमधाम से दीपोउत्सव मनाए। कलश यात्रा में राम मंदिर उत्सव समिति उपखंड श्रीनगर प्रभारी लव यादव,पत्रकार अजीत पुरोहित, टिहरी मंडल प्रभारी नरेश शर्मा श्रीनगर मंडल प्रभारी अमित वैष्णव, शिवराज जांगिड़ राजेंद्र जांगिड़ चतुर्भुज शर्मा हनुमान तिवाल शंकर तिरवाल, धनराज जांगिड़ ,पदम सगडोलया सांवरलाल रतवाल, खुशीराम गौरा, अमरचंद गाना, शैतान बाना ,हनुमान भाकर, बाबूलाल लक्षकार ,राजू बेरवा शैतान मेघवंशी के के जोशी का विशेष सहयोग रहा।

## डीआरएम ने गुरुवार को चौमहला स्टेशन का निरीक्षण किया

चमकता राजस्थान



चौमहला !(रमेश मोदी)कोटा रेल मंडल के डीआरएम ने गुरुवार को चौमहला स्टेशन का निरीक्षण किया इस दौरान विभिन्न प्रतिनिधि मंडलो ने उनसे भेंट कर चौमहला स्टेशन पर सुविधाएं बढ़ाने व ट्रेनो के ठहराव का अनुरोध किया।मुख्य रेल प्रबंधक कोटा मनीष तिवारी ने गुरुवार को चौमहला स्टेशन का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने अमृत भारत योजना में होने वाले कार्यों का निरीक्षण कर आवशयक निर्देश दिए है। भाजपा मंडल महामंत्री ने अमृत भारत योजना में घटिया कार्य होने की शिकायत की इस पर डीआरएम ने कार्य में सुधार करवाने की बात कही।इस दौरान भाजपा मंडल, फ्री जेल सेवा समिति ने उनसे मुलाकात कर ट्रेनो ठहराव, स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार सम्बन्धी ज्ञापन सोपे, भाजपा मंडल ने अपने ज्ञापन में कोटा हिसार ट्रेन का रतलाम या उज्जैन तक विस्तार करने व पच्छिम एक्सप्रेस ,जामनगर कटरा ,हापा कटरा,अहमदाबाद कटरा ,बांद्रा कटरा ट्रेन अहमदाबाद आसमसोल ट्रेन का ठहराव चौमहला में करने की मांग की। सामाजिक कार्यकर्ता गुलजार एच जिनवाला ने कोटा नागदा ट्रेन का नागदा स्टेशन पर रतलाम गुना ट्रेन से क्रासिंग देने व नागदा कोटा ट्रेन का रामगंज मंडी में कोटा झालावाड़ ट्रेन से क्रासिंग देने की मांग रखी। फ्री जेल सेवा समिति ने स्टेशन पर प्याऊ की स्वीकृति के लिए ज्ञापन दिया।साथ ही कोरोना काल से बंद फिरोजपुर जनता एक्सप्रेस ट्रेन पुन शुरू करने की मांग की , डीआरएम ने स्पेशल ट्रेन से रेलवे फाटक पर अंडर पास के निर्माण कार्य का अवलोकन किया।इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री आदित्य कटारिया,भाजपा नगर अध्यक्ष वासुदेव विश्वकर्मा, अशोक गायरी,ओम प्रकाश निगम,जगदीश अग्रवाल,गुजलार अली बोहरा,मकसूद अली बोहरा, , व्यापार महासंघ सयोजक दिलीप जैन, समरथ भंडारी, पंकज गुप्ता,संजय राठौर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीसांगन में स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन का दिया प्रशिक्षण

चमकता राजस्थान




श्रीनगर (रघुनन्दन पारीक) ई पंचायत पर स्वामित्व के दस्तावेज की जानकारी होगीं अपलोड, ग्रामीण आबादी भूमि का रिकार्ड होगा ओनलाईन, ग्रामीणों को मिलेगें पट्टे और मोबाईल पर भिजवाई जाऐगी पट्टे की पीडीएफ फाई दिनांक 18.01.2024 को माननीय मुख्यकार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद अजमेर के आदेशानुसार स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन के संबंध में प्रशिक्षण पंचायत समिति क्षेत्र के समस्त ग्राम विकास अधिकारियों, क.सहायकों, ग्राम रोजगार सहायको का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रखा गया। प्रशिक्षण की शुरूआत में श्री महेन्द्र मालाकार, अतिरिक्त विकास अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय पंचायत दिवस 24 अप्रेल 2020 के अवसर पर सरकार द्वारा स्वामित्व योजना आरम्भ की गई। सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थ व्यवस्था और समाज पर दूरगामी प्रभाव को देखते हुए इस योजना का क्रियान्वयन पंचायतीराज विभाग व राजस्व विभाग के संयुक्त प्रयासो से किया जा रहा है। दक्ष प्रशिक्षक नन्दकिशोर कुमावत( पारमवाल)-सहायक विकास अधिकारी, पंचायत समिति श्रीनगर ने बताया किसरकार द्वारा ग्रामीण अर्थ व्यवस्था और समाज पर दूरगामी प्रभाव को देखते हुए इस योजना का क्रियान्वयन पंचायतीराज विभाग व राजस्व विभाग के संयुक्त प्रयासो से किया जा रहा है। डिजिटल इंडिया को बढ़ाने के लिए भारत सरकार ने ग्रामीण स्वामित्व योजना की शुरुआत की है । इस योजना के तहत लाभार्थी ग्रामीणों को पट्टा/विक्रय विलेख एवं रजिस्ट्री भौतिक रूप से देने के साथ-साथ दस्तावेजों की पीडीएफ फाईल बनाकर लाभार्थी के मोबाईल नंबर पर भी प्रेषित की जावेगी। ग्रामीण आबादी भूमि का रिकार्ड ओनलाईन होगा। इस योजना के तहत, आवेदकों को गांवों के घरों में बैंक ऋण जल्दी मिल जाएगा। यह योजना ग्रामीण लोगों को बैंकों से ऋण प्राप्त करने में सहायता करेगी। स्वामित्व योजना के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामीण समाज के काम ऑनलाइन हो जायेंगे

स्वामित्व योजना के तहत भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा प्रत्येक राजस्व ग्राम की आबादी भूमि का मानचित्र ड्रोन के जरिये फोटोग्राफी तैयार की गई। फोटोग्राफी के उपरान्त भारतीय सर्वेक्षण विभाग से प्राप्त मैप 1.0 में इमेजों अनुसार प्रत्येक भूखण्ड एवं निर्मित भवन का सर्वे- ग्राम स्तरीय सर्वे समिति- ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ट सहायक, ग्राम रोजगार सहायक, संबंधित राजस्व ग्राम के वार्ड पंचों की समिति द्वारा किया गया। सर्वे समिति द्वारा उस सम्पत्ति के मालिक का नाम, पिता का नाम, आधार कार्ड संख्या, मोबाईल नम्बर, उस भूखण्ड की दिशाओं की स्थिति, क्षेत्रफल इत्यादि की जानकारी संकलित की जावेगी। सर्वे समिति द्वारा सर्वेक्षण कार्य कर, ग्रामीणों की आपत्तियों का निस्तारण पंचायत कोरम, विशेष ग्राम सभा में निस्तारण कर भारतीय सर्वेक्षण विभाग को फाईनलाईज मैप हेतु भेजा जावेगा।फाईनलाईज मैप को एवं सूचियों को ग्राम पंचायत मे आज जन के अवलोकनार्थ रखा जावेगा। इसके आधार पर संबंधित लाभार्थियों को राजस्थान पंचायतीराज नियम-1996 के अनुसार पटटा रजिस्ट्री करवा कर दी जावेगी।प्रशिक्षण के दौरान पंचायत समिति क्षेत्र के समस्त ग्राम विकास अधिकारी, क.सहायक, ग्राम रोजगार सहायक, उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929